सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:22
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 38.1
न्यूनतम 26.0

अवसर सूर्य उदय की तरह होते हैं, यदि आप ज्यादा देर प्रतीक्षा करेंगे तो आप उन्हें गवां देंगे।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र
पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)
डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-19520/19-21
मूल्य 1/-

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in
सम्पादक-9837042840, 9412710840
सम्पर्क सूत्र: (कार्यालय) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-50 | अंक-186 | बुधवार 07 जुलाई, 2021 | आषाढ, कृष्ण पक्ष - त्रयोदशी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

यह मुज़फ़्फ़रनगर है

मनरेगा मज़दूरों के हक़ का पैसा मार रही है सरकार : राहुल गांधी

आप कुछ करते क्यों नहीं?....

नगरपालिका में दो धड़ों में बंटी भाजपा

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। जिला पंचायत की जीत के बाद एकाएक नगर पालिका में भूचाल आता दिख रहा है। एक तरफ जहां नगरपालिका चेयरमैन स्वयं भाजपा में अपनी पहचान बनाने के लिए बड़ी जद्दोजहद कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर आज नगर पालिका बोर्ड बैठक से पूर्व ही भाजपा सभासद दो धड़ों में विभाजित होते दिखे। ११ सभासदों का जत्था नगर पालिका बोर्ड बैठक में पहुंचा ही नहीं, जबकि दूसरे जत्थे ने कल रात ही ऐलान कर दिया था कि वे नगर पालिका चेयरमैन के साथ ही रहेंगे। ऐसे में अब भाजपा के अंदर घमासान सा मच रहा है और विधानसभा चुनाव से पूर्व नगर पालिका के सभासदों के दो फाड़ होने की पूरी–पूरी सम्भावनाएं जाग चुकी हैं। उक्त सभासदों का कहना है कि वे आज भी भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं और कल भी रहेंगे। उसके लिए पार्टी को उनसे जो बलिदान लेना है, वह ले सकती है। भाजपा से लग हुए उक्त ११ सभासदों का आरोप है कि अभी तो स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष ही भाजपा की नहीं हो पाई हैं, तो एकाएक कैसे बाकी के सभासदों ने नगर पालिका चेयरमैन का दामन थाम लिया है। नगर पालिका बोर्ड बैठक से अलग हुए ११ सभासदों के साथ साथ अन्य १३ निर्दलीय सभासद भी बोर्ड बैठक के विरोध के चलते वहां नहीं पहुंचे। बड़ी बात यह है कि इस बार भाजपा के मंत्री अथवा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी बोर्ड बैठक को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया। अब देखना यह होगा कि उक्त ११ लोगों के जत्थे को लेकर भाजपा हाईकमान क्या निर्णय लेती है। उक्त भाजपाइयों को बाघी घोषित किया जाता है अथवा समझा–बुझाकर उन्हें नगर के विकास कार्यों के नाम पर नगरपालिका चेयरमैन को ही समर्थन करने के लिए सहमत कर लिया जाता है। मजेदार बात यह है कि जब से नगर पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल भाजपा में शामिल हुई हैं, तब से नए–नए तमाशे देखने को मिल रहे हैं। कभी पालिका चेयरमैन को मुख्यमंत्री के आगमन पर सम्मान नहीं दिया जाता तो कभी उत्तर प्रदेश के प्रभारी मंत्री की बैठक में उन्हें शामिल नहीं किया जाता और वे सिर्फ बुके देकर वापस लौट आती हैं। मगर उसके बाद आधे भाजपा

शेष : पृष्ठ ४ पर

सभासद विपुल भटनागर को आईआईए का अध्यक्ष चुने जाने पर व सभासद पूनम शर्मा को उत्तर प्रदेश सभासद एसोसिएशन का महामंत्री चुने जाने पर पालिका अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया।

सदन में अन्य प्रस्तावों पर भी लगी स्वीकृति की मुहर

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। पालिका की संपन्न बोर्ड बैठक में नगर विकास की दिशा में शुरू प्रयासों के बीच नामित सभासद राजू त्यागी ने बोर्ड में 69 प्रस्तावों पर स्वीकृति की मुहर लगने के बाद अन्य प्रस्तावों के रूप में पालिका सार्कत रोड के प्रस्तावित निर्माण कार्य के बीच इस रोड का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महावीर त्यागी के नाम पर रखे जाने की मांग की। वहीं सभासद सत्तार ने पालिका सभा कक्ष के जीर्णोद्धार, सभासद प्रियांशु जैन ने सभाकक्ष में लगे भारत माता के चित्र पर फूल माला चढ़ाने, सभासद नवनीत कुच्छल ने नगर में महाराजा अग्रसैन स्मारक का निर्माण एवं सभासद प्रेमी छाबडा ने नगर के मौ. गांधी कालौनी बिजलीघर के पास सार्वजनिक शीतल जल का प्याऊ लगवाने की मांग की है। इसके अलावा जनकपुरी स्थित श्मशान घाट के रखरखाव के लिए स्थानीय सभासदों ने एक कमेटी के गठन कराए जाने की मांग की।

अब होगा विकास, 20 मिनट में 200 करोड़ का बजट पास

❑200 करोड़ से नगरीय क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास ❑नगर के विकास की खातिर 31 वार्ड सभासद हुए एक ❑20 मिनट में एजेंडा पारित, 67 प्रस्तावों पर बोर्ड की मंजूरी

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। नगरपालिका परिषद् की विशेष बजट प्रस्ताव वाली बोर्ड बैठक तमाम प्रयासों के बावजूद विरोधियों को पस्त करने में पूर्ण रूप से सफल साबित हुई जिसमें चेयरमैन के विरुद्ध विरोधी गुट के वार्ड सभासद गैरहाजिर होने के बाद भी बैठक को स्थगित कराने की अपनी ही रणनीति में मात खा गए। वहीं नगर क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के मुद्दे पर पूरा बोर्ड चेयरमैन अंजू अग्रवाल के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया। इस बीच करीब 20 मिनट में ही 200 करोड़ रुपये से अधिक के बजट वाले एजेंडे को पास किए जाने में सफलता हासिल कर ली। बोर्ड बैठक में 69 प्रस्तावों को सदन के समक्ष रखा गया, जिसमें 2 प्रस्तावों को स्थगित करने के साथ अन्य 67 प्रस्तावों पर सदन ने मेज ठपठपाकर नगर के विकास को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने की दिशा में उक्त एजेंडे को संयुक्त रूप से सबका साथ, सबका विकास और सबका ही विश्वास के पवित्र संकल्प के साथ पारित किया गया। बैठक में डीएम के निर्देश पर सदन की निगरानी के लिए पर्यवेक्षक के रूप में डिप्टी कलेक्टर व पुलिस बल मौजूद रहा।

नगरपालिका की चेयरमैन अंजू अग्रवाल नीति नए आयामों के बीच अपनी कार्य शैली के बूते क्षमता को साबित करने से नहीं चूकती, इसका प्रमाण नगर क्षेत्र में उस वक्त देखने को मिला, जब नगर के विकास व जनहित के लिए मंगलवार को वें विरोधी खेमे पर भारी साबित हुई। कई दिनों से बोर्ड बैठक को लेकर चले आ रहे गतिरोध के बीच माना जा रहा था कि उक्त बोर्ड बैठक शायद ही संपन्न हो, लेकिन तमाम कयासों को दरकिनार करते हुए न केवल बोर्ड बैठक संपन्न हुई, अपितु बैठक में चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने 2 सौ करोड़ रुपए से अधिक के बजट समेत 69 प्रस्तावों वाले अपने एजेंडे को बहुमत के साथ स्वीकृत कराने में सफल रही। वैसे तो सदन की कार्यवाही करीब 30 मिनट तक चली, लेकिन 69 प्रस्ताव के एजेंडे को बोर्ड द्वारा 20 मिनट में ही पारित कर दिया गया। इसमें दो प्रस्तावों 432 और 468 को सभासदों के आग्रह के बीच पुनः अवलोकन और जांच के बाद अगली बैठक के लिए स्थगित कर दिया गया। बोर्ड बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार की देखरेख में करीब सवा 11 बजे बोर्ड बैठक की कार्यवाही वन्देमातरम के साथ शुरू हुई। बैठक में विशेष बजट प्रस्ताव होने के कारण सभासदों की उपस्थिति दर्ज की गयी ताकि कोरम पूरा होने की स्थिति स्पष्ट हो सके। बोर्ड बैठक में कोरम के लिए जरुरी 29 सभासदों से अधिक 31 सदस्य मौजूद रहे। चेयरमैन स्टेनो गोपाल त्यागी के संचालन में शुरू हुई बोर्ड बैठक में गत कार्यवाही की पुष्टि के बाद विशेष प्रस्ताव 404 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक का बजट बोर्ड के समक्ष रखा गया, जिसमें 133 करोड़ 8 लाख 60 हजार रुपए अनुमानित आय और 155 करोड़ 40 लाख रुपये का अनुमानित व्यय भी शामिल है। यानि 2021-22 के लिए पालिका की ओर से करीब 22.31 करोड़ रुपये के घाटे का बजट पेश किया गया। हालांकि पालिका में 1 अप्रैल 2021 को 71 करोड़ रुपये से अधिक का प्रारम्भिक अवशेष धन है। बहुमत के आधार पर बोर्ड ने बजट को मंजूरी प्रदान कर दी। इसके बाद तमाम प्रस्तावों को बोर्ड के सभी सदस्यों ने अपनी स्वीकृति प्रदान की। सदन में प्रस्ताव 432 और 468 पर सभासदों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रस्तावों को पुनः अवलोकन और जांच के बाद अगली बैठक में लाने की सहमति बनने पर स्थगित कर दिया। इस दौरान सभासद प्रेमी छाबड़ा, विपुल भटनागर, पवन चौधरी, प्रवीण पीटर, विकास गुप्ता, नवनीत कुच्छल, सत्तार, शफीक, वाजिद, अहमद अली, गय्यूर अली, नवाबजहां, गुलशन कुरैशी, रिहाना कुरैशी, साक्षी चुग्घ, सुषमा पुण्डीर, उमा देवी, पूनम शर्मा, प्रियांशु जैन, परवेज आलम, अरविन्द धनगर, ओम सिंह, सलेक चन्द, सुनीता, रानी सक्सेना, पिंकी, राहुल पंवार आदि समेत ईओ हेमराज सिंह, नगरस्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार, डॉ. अतुल कुमार, कार्यालय अधीक्षक पूरण चंद पाल, तनवीर आलम, अशोक ढींगरा, विकास बालियान व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला बोले, भाजपा सभासदों का मामला अभी संज्ञान में नहीं



मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। नगरपालिका की बोर्ड बैठक में ११ सभासदों के न पहुंचने के हाईटेंशन ड्रामें के बाद जब भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला से इस बाबत बात करनी चाही, तो उन्होंने ११ भाजपा सभासदों के बोर्ड मीटिंग में ना पहुंचने के मामले से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि पूरा मामला संज्ञान में आने के बाद ही कोई बात कही जा सकती है।

मानसिक रोगियों का टीकाकरण सुनिश्चित करने का 'सुप्रीम' निर्देश

नयी दिल्ली, 06 जुलाई (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने मानसिक रूप से बीमार लोगों को भिक्षुकालयों या वृद्धाश्रमों में भेजने की प्रथा बंद करने और ऐसे लोगों के लिए अस्पतालों या मानसिक रोगियों के लिए बने शरणस्थलियों में ही टीकाकरण सुनिश्चित करने का मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम आर शाह की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे लोगों को संक्रमण से बचाने के लिए शुरुआत से ही टीकाकरण किया जाना चाहिए। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल माधवी दीवान ने कहा कि वह इसे सर्वोच्च प्राथमिकता को तौर पर लेंगे और टीकाकरण की योजना तैयार करेंगे।

25 जुलाई कांवड़ यात्रा शुरू होने के निर्देश

❑कांवड़ यात्रा की बाबत नए मुख्यमंत्री धामी से की योगी ने टेलीफोनिक वार्ता

लखनऊ, ६ जुलाई (नेट)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने २५ जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को सुचारु रूप से पूरा करवाने के लिए अफसरों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों उत्तराखंड व बिहार से बात कर संवाद स्थापित कर कांवड़ यात्रा को पूरा किया जाए। इस दौरान कोरोना प्रोटोकॉल का भी पूरी तरह पालन किया जाए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने इस बाबत उत्तराखण्ड के नए मुख्यमंत्री धामी से भी टेलीफोनिक वार्ता की। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि २५ जुलाई से शिवभक्तों की परंपरागत कांवड़ यात्रा प्रारंभ हो रही है। कोविड काल को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित राज्यों से संवाद कर यात्रा के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए जाएं। बता दें कि यह यात्रा ऐसे समय में शुरू हो रही है जब उत्तर प्रदेश में कोरोना पूरी तरह नियंत्रण में आ चुका है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यात्रा से जुड़े पूरे इंतजाम समय पर पूरे किए जाएं। बीते २४ घंटे में ६३ नए मरीजों की पुष्टि हुई है, जबकि २१८ मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए हैं। इससे पहले ०१ मार्च को एक दिन में १०० से कम मरीज पाए गए थे। वर्तमान में २,०३२ एक्टिव कोरोना मामले हैं, जबकि १,४३२ लोग होम आइसोलेशन में उपचाराधीन हैं। प्रदेश में कोरोना की रिकवरी दर और बेहतर होकर ९८.६: हो गई है। अब तक १६ लाख ८२ हजार १३० प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने टीकाकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में टीकाकरण की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। ५० लाख प्रदेशवासियों ने वैक्सीन की दोनों डोज प्राप्त कर ली है।

प्रेतात्मा को भगाने का झांसा देकर तांत्रिक ने किया युवती से दुराचार

खतौली, ६ जुलाई (बु.)। तंत्र–मंत्र विद्या द्वारा प्रेत आत्माओं से मुक्ति दिलाये जाने का झांसा देकर एक युवती के साथ उसके ही घर में दुराचार करने के आरोपी तांत्रिक को परिजनों द्वारा पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला इस्लामनगर के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में उल्लेख किया है कि जनपद शामली क्षेत्र के गांव सोंटा निवासी एक आशिक इलाही नामक कथित तांत्रिक ने लगभग एक माह से अपनी तांत्रिक विद्या की महिमाओं का बखान करते हुए उसकी पत्नी से सम्पर्क बनाया हुआ था, जिसके तहत तांत्रिक मेरी पत्नी को घरेलू परेशानियों सहित बुरी प्रेत आत्माओं से मुक्ति दिलाने का झांसा देकर मेरी पत्नी से मोबाइल फोन के माध्यम से सम्पर्क बनाता रहता था। तहरीर में बताया गया कि तांत्रिक के झांसे में आयी उसकी पत्नी ने अपने परिवार की घरेलू परेशानियों से मुक्ति पाने की लालसा में कथित तांत्रिक को अपने घर बुला लिया। उसने बताया कि तांत्रिक के घर पहुंचने के दौरान घर में पत्नी सहित उसकी भांजी ही मौजूद थी। इस दौरान तांत्रिक आशिक इलाही ने सबसे पहले भांजी का इलाज करने की बात कहते हुए तांत्रिक भांजी को मकान के एक अन्य कमरे में ले गया तथा उसके साथ दुराचार कर डाला। इस दौरान भांजी के चिल्लाने व बचाओ–बचाओ की आवाज पर मकान में मौजूद पत्नी द्वारा शोर मचाने पर मौहल्ले के लोग मौके पर इक्ट्ठा हो गये। इस दौरान लोगों की भीड़ को देख तांत्रिक ने भागने का प्रयास किया, परन्तु लोगों द्वारा तांत्रिक को भीड़ ने मौके पर दबोच लिया गया तथा सूचना पर पहुंची पुलिस को सौंप दिया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी तांत्रिक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजते हुए पीड़ित युवती का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन का प्रयास हुआ सार्थक : तीन दिन से सड़कों पर भटक रहे नीरज को ले गया उसका परिवार

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। कभी सुजडू चुंगी, कभी नई मण्डी तो कभी न्यू एसडी कॉलेज मार्किट में नग्न अवस्था में घूमते मानसिक रूप से विक्षिप्त नीरज को आज उसके परिवार के लोग ले गए। मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा लगातार तीन दिनों से अपने सोशल मीडिया के माध्यम से मानसिक रूप से विक्षिप्त नीरज की फोटो और वीडियो जारी की गयी और आग्रह किया गया कि परिवार के लोग व पुलिस प्रशासन उसे कोई न कोई ठिकाना मुहैया कराए मगर नीरज का भयावह रूप देखकर न तो आमजन की कोई हिम्मत हो पाई कि उसे छू सके और पुलिस द्वारा लगभग तीन बार उसे कपड़े पहनाकर बाकायदा कुछ ठिकानों पर पहुंचाया भी गया, लेकिन मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के कारण नीरज बार बार उपद्रव करता और वापस सड़कों पर पहुंच जाता। नीरज ने कई बार अपने परिजनों को भी गालियां दी। मंगलवार की सुबह बुलेटिन ने फिर एक बार नीरज को न्यू एसडी कॉलेज मार्किट के प्रथम तल पर घूमते हुए कैमरे में कैद कर लिया और उसका तीसरी बार फोटो वायरल किया, जिस पर प्रशासन ने पूरा सहयोग करते हुए १० ही मिनट में नीरज को किसी तरह से जूस इत्यादि का प्रलोभन देकर शान्त कराने का प्रयास किया और उसे कपड़े पहनाकर फिर किसी ठिकाने पर पहुंचा दिया। देर शाम मुजफ्फरनगर बुलेटिन को एक सुखद समाचार मिला, जब स्वयं नीरज के भाई ने मुजफ्फरनगर बुलेटिन संवाददाता के पास कॉल करके बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से ही उक्त समाचार उनके पास चेन्नई तक पहुंचा और समाचार मिलते ही वे तुरन्त वहां से नीरज को लेने के लिए मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हुए। मंगलवार की रात ठीक ६:३० बजे उसे भाई अतुल निवासी चेन्नई व गाजियाबाद निवासी भारत नीरज के पास रेलवे स्टेशन पर पहुंचे, जहां मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम ने नीरज को बातों में लगाकर उसे काबू में किये रखा। बुलेटिन संवाददाता की नीरज के भाईयों के साथ वार्ता के दौरान उन्होंने नीरज के मानसिक रूप से विक्षिप्त होने की कहानी बयां की और बुलेटिन टीम का धन्यवाद दिया कि बुलेटिन के सोशल मीडिया माध्यम से आज उनका भाई उन्हें मिल गया और वे उसे लेकर वापस चेन्नई लौट रहे हैं।

नीरज को समझा–बुझाकर शान्त करने का प्रयास करती पुलिस।

प्लाट दिलाने के नाम पर 50 हजार ठगने का आरोप

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। नई मण्डी के कमल नगर निवासी नरेन्द्र पुत्र इन्द्रसैन ने आरोप लगाया कि दो आरोपियों अर्जुन व प्रीतपाल तोमर ने मिलकर उनसे ५० हजार रुपये ठग लिये हैं। नरेन्द्र के अनुसार उक्त दोनों लोगों ने अलमासपुर के निकट मिनाक्षीपुरम में ११० गज का प्लाट दिखाया था, जिसके पसंद आने के बाद उक्त दोनों आरोपियों द्वारा ५० हजार रुपये पेशगी के तौर पर ले लिये गये थे, मगर जब उक्त प्लाट का बैनामा मांगा गया, तो कई दिनों तक बैनामा मांगने के बाद भी बैनामा नहीं दिखाया गया, बल्कि आरोपियों द्वारा ३ लाख रुपये और देने की मांग की गई। पीड़ित का कहना है कि उन्हें जमीन का मालिक कोई और बताया गया, जबकि मौके पर किसी और को सामने लाया गया और अब पेशगी वापस मांगने पर उक्त दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। पीड़ित ने एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय को उक्त मामले की शिकायत दे दी है, जबकि नई मण्डी थाने में भी उक्त सारे मामले की लिखित जानकारी दे दी गयी है।

उप्र ब्लाक प्रमुख चुनाव की समय सारणी जारी

लखनऊ, 06 जुलाई (वार्ता) उत्तर प्रदेश में ब्लाक प्रमुखों के लिए चुनाव की तारीखों की आज घोषणा करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने समय सारणी जारी कर दी, जिसमें आठ जुलाई को नामांकन होगा और 10 जुलाई को मतदान होगा तथा उसी दिन मतगणना भी होगी। पंचायतीराज विभाग की अधिसूचना के क्रम में प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त, मनोज कुमार ने सभी जिलो (गोंडा की क्षेत्र पंचायत मुजेहना को छोड़कर) ब्लाक प्रमुखों के पदों, जो उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से बाधित न हो, पर सामान्य निर्वाचन की आज समय सारणी जारी कर दी।

चिकित्सक योद्धाओं का सम्मान

हार्दिक अभिनन्दन

कोरोना योद्धा
डॉ. पंकज जैन
वरिष्ठ चिकित्सक
इवान हॉस्पिटल
भोपा रोड, मुजफ्फरनगर

कोरोना योद्धा
डॉ. गिरीश कुमार
वरिष्ठ बाल चिकित्सक
श्री साँई हॉस्पिटल
सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

निराशा के अंधेरों में उजाला बनकर, मानव सेवा की आपने महामानव बन कर।
जीवन बाजी जीती हमने, पाकर आपका साथ, नमन-अभिनन्दन आपका, हम करते हजारों बार।।

जब कोरोना अपने चरम पर था, आपने उस समय अपने जीवन की चिंता न करके, जनसाधारण की चिकित्सा करके उनका जीवन बचाने को प्राथमिकता दी। आपने अनेकों स्त्री, पुरूषों एवं बच्चों का जीवन बचाया है। डॉक्टर भगवान का एक रूप भी होता है, आपने यह चरितार्थ करके दिखाया है। इसके लिए डी एस पब्लिक स्कूल परिवार, अपने समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं मैनेजमेंट की ओर से आपका हार्दिक अभिनन्दन करता है, जिसके आप दोनों पात्र हैं।

डी एस पब्लिक स्कूल
निकट, रेलवे क्रॉसिंग, परिक्रमा मार्ग, मुजफ्फरनगर
फोन नं. 9105200054, ई-मेल : dspublicschool@rediffmail.com
सुधीर कुमार शर्मा (प्रबन्धक)

शामली के अफसरों के खिलाफ नूतन ठाकुर ने सीएम से फिर की जांच की मांग

शामली, 6 जुलाई (बु.)। शहर के चर्चित दलाल दीपक बंसल द्वारा जिला प्रशासन के पक्ष में बयान दे दिए जाने के बाद भी जिले के कुछ वरिष्ठ प्रशासनिक अफसरों की परेशानी कम होने का नाम लेती दिखाई नहीं दे रही है। प्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर तथा एक्टिविस्ट डॉ. नूतन ठाकुर ने आरोपी अफसरों के खिलाफ आरोपों की जांच की दुबारा मांग कर उनकी परेशानी को बढ़ा दिया है। लखनऊ निवासी पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर और नूतन ठाकुर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डीओपीटी भारत सरकार को भेजी अपनी शिकायत में जनपद शामली के अफसर द्वारा निजी व्यक्ति दीपक बंसल तथा सरकारी ट्रेजरी से पैसे लेकर अपने निजी काम के लिए गैलेक्सी एस20 अल्ट्रा मोबाइल खरीदने की जांच की मांग की। ठाकुर दम्पती ने कहा, दीपक बंसल ने अपनी शिकायतों को वापस लेने की बात कही है, किन्तु उन्होंने लखनऊ आकर अमिताभ तथा नूतन को तमाम ऐसे अभिलेख और रिकॉर्डिंग दिए, जिनके आधार पर दीपक बंसल के बिना भी जाँच हो सकती है। अमिताभ तथा नूतन ठाकुर ने कहा कि उन्हें प्राप्त अभिलेखों के अनुसार प्रशासनिक अफसर ने समय-समय पर बंसल से तमाम सामान मंगवाए, जिनमें 4 बैटरी तथा 1 इन्वर्टर और तमाम महंगे मोबाइल शामिल हैं। इसके अलावा अफसरों ने दीपक बंसल से 20 लाख की स्कॉर्पियो ब्लैक गाड़ी संख्या यूपी-19 एल-2828 मात्र 5 लाख रुपये में लिया। साथ ही उनके द्वारा दिए गए व्हाट्सएप मेसेज से अफसर द्वारा दीपक बंसल से 5 लाख रुपये मांगने, कई बार गहने मंगवाने आदि के तथ्य साबित होते हैं। एक चैट में माइनिंग के पैसे का हिसाब करने की बात है, तो एक में अफसर द्वारा अपने सीनियर अफसर को पैसे देने की बात लिखी है। इसी प्रकार तमाम ऑडियो रिकॉर्डिंग में अफसरों की माइनिंग के लेनदेन, परसेंटेज, हिसाब किताब आदि की बातें हैं। अमिताभ तथा नूतन ठाकुर ने इन तथ्यों की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए कार्यवाही की मांग की है।

स्वास्थ्य कैम्प में सैंकड़ों मरीजों की निःशुल्क जांच

कांधला, 6 जुलाई (बु.)। गांव भभीसा में पंवार क्लीनिक के द्वारा एक फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 105 मरीजों की जांच की गई, इस दौरान मरीजों को सम्बंधित बीमारियों की दवाइयां भी मुफ्त में मुहैया कराई गई। एक दिवसीय स्वास्थ्य कैंप का गांव भभीसा में आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन पंवार क्लीनिक के संचालक डॉ. विपिन पंवार व भभीसा पुस्तकालय के द्वारा किया गया। डॉ. विपिन पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कैंप में विभिन्न बीमारियों के 110 मरीजों की जांच की गई, जांच के दौरान मरीजों को संबंधित बीमारियों की दवा भी वहीं मौके पर ही मुफ्त में मुहैया कराई गई। डॉ. विपिन पंवार ने बताया कि वह प्रतिमाह इस प्रकार का एक कैम्प क्षेत्र के अलग-अलग गांव में आयोजित करते हैं, उसी क्रम में यह भभीसा गांव में हेल्थ चेक अप कैम्प लगाया गया था।

कांधला थाने में पुलिस समक्ष शपथ पत्र लेकर अपराध से तौबा करता युवक शिवम। -फोटो बुलेटिन

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा युवक

कांधला, 6 जुलाई (बु.)। कस्बा निवासी एक युवती ने कस्बे के ही एक युवक पर शादी का झांसा देकर 8 साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बा निवासी एक युवती मंगलवार को अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची और थाने पर तहरीर देकर बताया कि 8 साल पहले पड़ौस के ही एक युवक ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया था। आरोप है कि युवक युवती को शादी का झांसा देकर 8 साल से लगातार दुष्कर्म करता रहा। पीड़ित युवती का आरोप है कि अब युवक शादी करने से मना कर रहा है और कह रहा है कि अगर मैंने शादी कर ली, तो मेरे परिवार के लोग जहर खाकर आत्महत्या कर लेंगे। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी ने बताया कि पीड़ित युवती की तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है जांच करने के बाद ही मामले में कार्रवाई की जाएगी।

हिस्ट्रीशीटर ने थाने पहुंचकर अपराध से की तौबा

कांधला, 6 जुलाई (बु.)। जनपद पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाही को लेकर बदमाशों में पूरी तरह से खौफ बना हुआ है। गांव भभीसा के हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने थाना प्रभारी निरीक्षक को लिखित शपथपत्र देकर भविष्य में किसी भी अपराध को न करके साधारण जीवन व्यतीत करने की शपथ ली है। अपराधियों में पुलिस का खौफ जारी है, जिसके चलते मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव भभीसा निवासी स्थानीय थाने के हिस्ट्रीशीटर शिवम अपने हाथ में शपथपत्र लेकर पैदल थाने पहुंचा और थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी से मिला और पुलिस अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर अपराध से तौबा कर ली। इसके साथ ही खुद को सुधारने के लिए पुलिस से एक मौका भी मांगा। थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी का कहना है कि अपराध से तौबा करने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश शिवम पर कांधला क्षेत्र के साथ-साथ कई आपराधिक मुकदमें दर्ज थे, लेकिन पिछले कुछ समय से शिवम ने अपराध से दूरी बना ली और अपने गांव में खेती बॉडी के साथ मजदूरी कार्य करके परिवार का जीवन यापन कर रहा है। आज पुलिस के सामने अपराध की दुनिया से तौबा करते हुए सुधरने का प्रण लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी ने बताया कि शिवम थाने का टॉप 10 बदमाशों में से एक है और थाने का हिस्ट्रीशीटर है। लूट सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन आज थाने पंहुचकर उक्त युवक ने सभी अपराधों से तौबा करके साधारण जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया है। फिर भी पुलिस सभी हिस्ट्रीशीटरों पर नजर बनाये हुए है।

विधायक उमेश मलिक ने वृक्षारोपण किया

बुढ़ाना, ६ जुलाई (बु.)। बुढ़ाना विधानसभा के बुढ़ाना बजाज शुगर मिल में वन महोत्सव के अंतर्गत बुढ़ाना विधायक उमेश मलिक ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रामनाथ ठाकुर, जितेन्द्र प्रधान, विकास मलिक प्रधान, मामचन्द प्रधान, वी.पी. शुगर मिल राजसिंह, जी.एम. राजकुमार तोमर, दीपक शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 06 जुलाई (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 07 जुलाई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1763- मीर जाफर की बंगाल के नवाब के रूप में दोबारा ताजपोशी हुई। 1763- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने बंगाल के नवाब मीर कसीम के पद छोड़ने की घोषणा की। 1768- थॉमस मान के उपन्यास में जोहान बडेब्रुक की फर्म की स्थापना हुई 1799- महाराजा रणजीत सिंह ने लाहौर पर कब्जा किया। 1838- सेंट्रल अमेरिकन फेडरेशन भंग कर दिया। 1898- संयुक्त राज्य अमेरिका ने हवाई द्वीप पर अधिकार किया। 1903- अंग्रेजों ने फुलानी साम्राज्य का अधिग्रहण किया। 1907- फ्लोरेंज ज़ागफिल्ड, जूनियर ने न्यूयॉर्क शहर में न्यूयॉर्क थिएटर की छत पर अपनी पहली फॉलीज़ का मंचन किया था। 1915- आइसोज़ो की पहली लड़ाई समाप्त हुई थी। 1915- क्वीनस्टन, ओन्टारियो के पास 157 यात्रियों की अत्यधिक ओवरलोड के साथ एक अंतरराष्ट्रीय रेलवे ट्रॉली में 15 की मौत हो गई थी। 1916- न्यूजीलैंड श्रम पार्टी की स्थापना वेलिंगटन में हुई थी। 1917- संयुक्त राज्य अमेरिका में लायंस क्लब इंटरनेशनल की स्थापना की गयी 1920- आर्थर मेइगेन कनाडा के नौवें प्रधानमंत्री बने। 1930- उद्योगपति हेनरी जे कैसर बोल्डर बांध (जिसे अब हूवर बांध के नाम से जाना जाता है) का निर्माण शुरू हुआ था। 1930- शेरलॉक होम्स के निर्माता सर आर्थर कॉनन डॉयल की मृत्यु हुई थी। 1941- द्वितीय विश्व युद्धः बेरूत पर फ्री फ्रांस और ब्रिटिश सैनिकों का कब्जा हुआ था। 1942- द्वितीय विश्व युद्धः जर्मन पनडुब्बी यू -701 ने केप हैटरस को नष्ट कर दिया था। 1941- नाजियों ने यूरोपीय देश लिथुआनिया में पांच हजार यहूदियों को मौत के घाट उतारा। 1946- मदर फ्रांसेस्का एस कैब्रिनी कैनोनिज्ड होने वाला पहला अमेरिकी बन गया था। 1948- दामोदर घाटी निगम की स्थापना हुई। 1954- एल्विस प्रेस्ली ने अपने रेडियो की शुरुआत की जब डब्ल्यूएचबीक्यू मेम्फिस ने सन रिकॉर्ड्स, दैट ऑल राइट के लिए अपनी पहली रिकॉर्डिंग की थी। 1978- सोलोमन द्वीप यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हो गया था। 1979- सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख में परमाणु परीक्षण किया। 1980- ईरान में शरिया कानून लागू हुआ। 1981- अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने संयुक्त राज्य अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला सदस्य बनने के लिए सैंड्रा डे ओ' कोनर की नियुक्ति की थी। 1981- क्रिकेट के सफलतम खिलाड़ियों में शुमार महेंद्र सिंह धोनी का जन्म। 1985- बोरिस बेकर 17 साल की उम्र में विंबलडन जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए थे। 1994- यमन में 1994 के गृह युद्धः उत्तरी यमन में सैनिकों ने एडन पर कब्जा कर किया। 1999- परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। 2003- नासा के ऑपर्च्युनिटी अंतरिक्ष यान ने मंगल ग्रह के लिए उड़ान भरी थी। 2005- लंदन में पांच इस्लामी चरमपंथियों ने शहर में अलग अलग जगहों पर चार बम उड़ाए। जिसमें 50 से ज्यादा लोगों की जाने गईं। 2007- अमेरिका के दूरसंचार उपग्रह डायरेक्ट वी-10 को रूस के प्रोटान-एम रॉकेट ने प्रक्षेपित किया। 2007- पहला लाइव अर्थ लाभ संगीत कार्यक्रम दुनिया भर के 11 स्थानों में आयोजित किया गया था। 2011- हैरी पॉटर सीरीज की अंतिम फिल्म' हैरी पॉटर एंड द डेथली हैलोज़ पार्ट 2 'का लंदन में प्रीमियर हुआ। 2012- रूस में भयंकर बाढ़ से 140 लोग मरे। 2013- विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर एंडी मरे वर्ष 1936 के बाद से इस खिताब पर कब्जा जमाने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने। 2013- सोल्डोटना, अलास्का में एक डे हैविलैंड ओटर एयर टैक्सी दुर्घटनाओं में दस लोगों की मौत हो गई थी।

भीषण गर्मी में चेयरमैन शाहपुर ने किया शरबत का वितरण

शाहपुर, ६ जुलाई (बु.)। आज शाहपुर नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमेश सैनी के द्वारा गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखकर आम जनता को मीठे शरबत पिलाया गया। इस कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी सुधीर कुमार मिश्रा व सभानसद उमेश गोयल, मनोज सैनी, विशाल गर्ग, वकील सैफी, अब्दुल कलाम असारी, संजय सौदाई आदि सेवाभाव से जुटे रहे।

पुरुषार्थी कन्या पाठशाला में मुफ्त टीकाकरण अभियान का शानदार समापन

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बुस.)। पुरुषार्थी कन्या पाठशाला में मुफ्त टीकाकरण अभियान दिनांक १ जुलाई से ६ जुलाई तक चलाया गया। लोगों ने इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इन ५ दिनों में कुल १७६१ लोगों ने कोविद वैक्सीन लगाकर अपने को कोरोना वायरस से बचाया गया। केवल अंतिम दिन ही ४२१ लोगों को यह वैक्सीन लगाई गई। शिविर के संयोजक कुलभूषण बजाज ने बताया की इस शिविर को लगातार ५ दिन चलाने में उनके साथ-साथ डॉ. विजय टंडन, डॉ. सुरेश, विनोद खेड़ा, विनोद वाधवा, रोशन लाल, राजकुमार मल्होत्रा, तिलक वाधवा, राधेश्याम, राजेश पराशर, इंद्रजीत सुनेजा, चरणजीत दुआ, अशोक पूनिया, प्रवीण खेड़ा, डॉ. जीत सिंह, रशमी टंडन, विवेक टंडन अनिल विनायक सिंह आदि अनेक लोगों का सहयोग रहा। अशोक डोगरा, अध्यापिका रेणु, प्राची, शिल्पा और लोकेश ने भी अपना पूर्ण सहयोग दिया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्य अतिथि तथा विशेष अतिथि के रूप में हमारा उत्साहवर्धन किया। इनमें कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, प्रमुख उद्योगपति सतीश कुमार गोयल, पंजाबी समाज के अध्यक्ष कुश पुरी, रेणु गर्ग, डॉ. गीतांजलि आदि ने समय-समय पर आकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया, जिन लोगों को इस शिविर में वैक्सीन नहीं लगी है कोशिश करेंगे कि उन्हें अगली वैक्सीन लगने की सूचना दी जाए। पुरुषार्थी कन्या पाठशाला की पूरी कार्यकारिणी, सभी अध्यापिका उन सभी लोगों का आभार प्रकट करती है, जिन्होंने इस कार्यक्रम के लिए किसी भी रूप में अपना सहयोग किया।

विधायक प्रमोद उटवाल ने ५-५ हजार के चेक बांटे

पुरकाजी, ६ जुलाई (बु.)। वैश्विक महामारी कोरोना के चलते पुरकाजी विधानसभा में जिन लोगों की मृत्यु हो गयी थी, उनके परिजनों को अपनी विधानसभा पुरकाजी के कैम्प कार्यालय पर अंतिम तिथि ३० जून २०२१ के चलते आज ५-५ हजार रुपए के चेक (विमला देवी पुरकाजी, बबलू कुमार शिवनगर, सुनीता पचेंडा रोड, आरती गर्ग पुरकाजी) को सहायतार्थ वितरित किये।

किन्नर गीता को नकली किन्नर ने दी जान से मारने की धमकी

खतौली, ६ जुलाई (बु.)। कोतवाली पहुंचे किन्नर गीता ने एक अन्य नकली किन्नर द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र में किन्नरों के दो खेमों में आपसी विवाद बना हुआ है, जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला बना हुआ है। मंगलवार को गीता किन्नर के साथ किन्नरों का एक पक्ष कोतवाली पहुंचा, जहां किन्नर गीता ने अबरार नामक एक नकली किन्नर पर उसे तथा उसके ड्राईवर को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि अबरार एक अपराधी किस्म का व्यक्ति है। गीता किन्नर ने पुलिस से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है तथा अबरार के विरुद्ध पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर कोतवाली में धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

रोटरी क्लब 'मिड टाउन' का अधिष्ठापन समारोह सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन का अधिष्ठापन समारोह मूलचंद रिसोर्ट में आयोजित किया गया एवं अधिष्ठापन समारोह के साथ-साथ क्लब की अधिकारिक यात्रा भी की गयी, जिसके मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. राजीव सिंघल जी रहे, जिसमें क्लब के पदाधिकारी मेम्बरों ने भाग लिया, जिसमें रो. राकेश राठी को अध्यक्ष रो. कौशल कृष्ण को सचिव निशांक जैन को कोषाध्यक्ष के पद की गोपनीय शपथ दिलाई गयी। २०२०-२१ के अध्यक्ष रो. हर्ष पुरी ने अपने कार्यकाल के बारे में विस्तार से बताया और निवर्तमान अध्यक्ष रो. राकेश राठी ने अपने वर्ष के क्या-क्या कार्य करने हैं, उनको विस्तार से बताया। क्लब में एक नये मेम्बर को रोटरी मिडटाउन परिवार में सम्मिलित किया और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर को शपथ दिलाई गयी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. राजीव सिंघल क्लब के कार्यों की प्रशंसा की और क्लब को डिस्ट्रिक्ट में सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया। कार्यक्रम के एमओसी रो. विनय सिंघल और रो. पंकज जैन जी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रो. सुनील अग्रवाल चीफ असिस्टेंट गवर्नर, रो. आकाश बंसल असिस्टेंट गवर्नर, उमेश कुमार गोयल सार्जेंट ऐट आर्म, रो. राजकुमार गुप्ता, रो. अरविन्द्र गर्ग, रो. आर.सी. मिश्रा, रो. नीरज अग्रवाल, रो. अमरीश मित्तल, रो. निष्काम गर्ग, रो. शैलेश कुच्छल, रो. अमित सिंघल आदि का सहयोग रहा।

दो दिवसीय वैक्सीनेशन कैम्प का हुआ समापन

मुजफ्फरनगर ६ जुलाई (बु.)। केशवपुरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा व भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में कोविड १६ टीकाकरण अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय वैक्सीनेशन शिविर का शुभारम्भ विजय शुक्ला जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के द्वारा हुआ। सुशील कुमार शर्मा प्रधानाचार्य के निर्देशन में वैक्सीनेशन की आदर्श व्यवस्था के अन्तर्गत सभी लाभार्थियों के बैठने के लिए कुर्सियों एवं जलपान की व्यवस्था की गई। नगर के विभिन्न स्थानों से आये अनेक अभिभावकों ने वैक्सीन की प्रथम व द्वितीय डोज लगवायी। इस अवसर पर डॉ. विजय टंडन अध्यक्ष, रविन्द्र गौड़ उपाध्यक्ष, संजय अग्रवाल प्रबंधक, कुलभूषण बजाज उपप्रबंधक, घनश्याम दास अग्रवाल कोषाध्यक्ष, श्यामलाल बंसल, वेदप्रकाश सिंघल सदस्य, कुलदीप गोयल सदस्य, डा. उमेश गुप्ता सदस्य, राम नारायण वत्स सदस्य, अनिल सोबती सदस्य, बीना बंसल, नरेश मित्तल सभासद, रेणु गर्ग जिला सचिव स्काउट गाइड, सुशील कुमार प्रधानाचार्य, समस्त आचार्य गण एवं समस्त विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। उक्त शिविर में डा. संदीप शर्मा जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं ऊषा गुप्ता-एनम, साधना आशा वर्कर, ममता आंगनवाडी का वैक्सीनेशन में विशेष सहयोग रहा। अश्वनी रोहिला, प्रवेश कुमार ने सभी का पंजीकरण किया। मुकेश दत्त शर्मा, भोपाल सिंह सैनी, नीरज शर्मा, ओम सिंह, संजय कुमार, ईश्वर दत्त शर्मा, नूतन मित्तल, सारिका शर्मा व नन्दिनी शर्मा ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया।

जाने माने ज्योतिषाचार्य गांधी कॉलोनी निवासी पं. गौरव कपिल ने लगवाई कोरोना की पहली डोज। -फोटो बुलेटिन

ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में वृक्षारोपण

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। स्थानीय ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल की जूनियर विंग में ओकाया पावर बैटरी के सौजन्य से वृक्षारोपण अभियान २०२१ के तहत १०० पेड़ लगाने का लक्ष्य दिनांक ०६.०७.२०२१ को पूर्ण किया गया। इस अवसर पर स्कूल उपाध्यक्ष महेश चंद गर्ग, प्रबंधक विनोद संगल, डायरेक्टर डॉ. एम. के. गुप्ता, ओकाया पावर बैटरी के एरिया मैनेजर सचिन वर्मा, प्रधानाचार्य आजाद वीर, जूनियर विंग हैड मिस्ट्रेस ममता चौहान, कोर्डिनेटर आशीष कुमार त्यागी, अचिन अग्रवाल आदि ने स्कूल स्टाफ के साथ वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण में सागौन, अर्जुन, तुन, बॉटलब्रश, अमरूद और बकान आदि के पौधों का रोपण किया गया। विनोद संगल ने कार्यक्रम में वृक्षों की महत्ता के बारे में बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे लिए महत्वपूर्ण है और इसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। अतः ज्यादा वृक्ष लगायें और अपने एवं अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को सुरक्षित करें। वृक्ष जीवन है। वे हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। वृक्ष पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करते हैं।

छह दिन बाद दीपक की दुकान की सील खुली

शामली, 6 जुलाई (बु.)। जिला प्रशासन से विवाद थमने के अगले ही दिन दलाल दीपक बंसल की दुकान प्रिया मोबाइल की सील मंगलवार को खुल गई है। जिला प्रशासन के अफसरों के खिलाफ भ्रष्टाचार का मोर्चा खोलने से सुर्खियों में आए नगर के दीपक बंसल ने सोमवार को जिला प्रशासन पर लगाए तमाम आरोप वापस ले लिए थे। इससे पूर्व विगत् गुरूवार को तहसील और एमडीए की टीम ने दीपक के वीवी इंटर कॉलेज रोड़ प्रिया मोबाइल गैलरी पर अवैध निर्माण का आरोप लगाते हुए सील लगा दी थी और उसके साले तथा एक कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया था। सोमवार को मामले में दीपक के बयान दर्ज कराने के बाद मंगलवार को उक्त दुकान की सील को खोल दिया गया, जिसके बाद दुकान खुल गई।

जीत की बधाई ...... जिला पंचायत अध्यक्ष चुने जाने के बाद डॉक्टर वीरपाल निर्वाल को बधाई देने वालों का तांता लगा है। आज प्रमुख व्यापारी नेता भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष व समाजसेवी सुरेंद्र अग्रवाल एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप शर्मा ने उनसे मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी और आशा जताई कि जमीन से जुड़े वीरपाल निर्वाल जिले के विकास को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर काम करेंगे।

प्रशासन द्वारा तय कराए 513 रुपये पर श्रमिक सहमत नहीं

शामली, 6 जुलाई (बु.)। जनपद में ईंटों के पथाई रेट को लेकर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। जिला प्रशासन द्वार्रा इंट पथाई रेट 513 रुपये प्रति हजार पर भट्टा मालिकों की सहमति के बावजूद श्रमिक 520 रुपये प्रति हजार की मांग पर अड़े हुए हैं। सहायक श्रमायुक्त ने कहा कि सहारनपुर मंडल में शामली जनपद में ईंट पथाई की सबसे अधिक मजदूरी दिलाई गयी है, यदि श्रमिकों को यह कम लगे, तो वे भट्टा मालिकों के साथ बैठकर आपस में तय कर लें। मंगलवार को भट्टा मालिकों के न आने से बैठक नहीं हो सकी। जनपद के भट्टों पर ईंट पथाई रेट को लेकर ईंट भट्टा मजदूर यूनियन पिछले एक पखवाड़े से आंदोलित है, जिसके लिए उन्होंने श्रम अधिकारी के कार्यालय पर धरना दे रखा है। वें श्रमायुक्त कानपुर द्वारा निर्धारित 576 रुपये प्रति हजार दिलाने की मांग कर रहे हैं। सहायक श्रमायुक्त डा. संतोष कुमार अग्रहरि ने बताया कि जिला प्रशासन ने गत् 23 जून को ईंट भट्टा निर्माता समिति और मजदूरों के बीच जनपद में ईंटों की पथाई का रेट 513 रुपये प्रति हजार पर सहमति कराई है, भट्टा मालिक इससे अधिक देने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह दर मंडल में सबसे अधिक है, सहारनपुर में 510 और मुजफ्फरनगर में 512 रुपये प्रति हजार है। भट्टा मजदूर नेता कुलदीप कुड़ाना ने बताया कि मंगलवार को ईंट पथाई रेट को लेकर एएलसी ने पुनः बैठक बुलाई थी, लेकिन ईंट भट्टा बैठक में शामिल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जबतक 520 रुपये का रेट नहीं मिलता धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर बाबूराम, कुलदीप कुडाना, सोमवान, नहार सिंह, सुभाष, बिलेन्द्, सतीश, रामपाल, आमिर, रामचंद, आबाद, आलम, प्रविन्द्, पूरन सिंह, आदि मौजूद रहे।

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 07 जुलाई, 2021

मेष-निराशा का समापन, व्यवसाय में विस्तार, नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, सफलता का सुयोग, सुसमाचार की प्राप्ति, आकस्मिक लाभ, सद्विचारों का उदय।

वृषभ-समझदारी से लिया गया निर्णय लाभप्रद, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, प्रतियोगिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

मिथुन-आज रात्रि 11/03 बजे तक समय अशुभ, समस्याओं से चिन्तित, स्वयं का निर्णय अहितकर, शेष समय संतोषजनक, कार्य-व्यवसाय में उन्नति, धर्म के प्रति रुचि।

कर्क-आज रात्रि 11/03 बजे तक समय शुभ, बकाए धन की प्राप्ति, आपसी सौहार्द, दाम्पत्य सुख, शेष समय संतोषजनक, परिवार में आपसी मतभेद, क्रोध की अधिकता।

सिंह-भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, व्यापारिक विस्तार, पुरातन विवाद का समापन, चित्त प्रफुल्लित, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, मानसिक शांति, यात्रा संतोषजनक।

कन्या-अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारस्परिक सम्बन्धों में सुधार, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, सुख शांति का वातावरण, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित, खुशी।

तुला-आज रात्रि 11/03 बजे तक कठिनाइयां, व्यावसायिक असफलता, आरोग्य सुख में कमी, जोखिम से हानि, शेष समय अनुकूल, विचारित कार्यों में प्रगति।

वृश्चिक-आज रात्रि 11/03 बजे तक लाभ में सहायक, स्वयं का निर्णय हितकर, यात्रा सुखद, शेष समय निराशाजनक, प्रगति में अड़चनें, वाद-विवाद से तनाव, अशांति।

धनु-योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, आशानुकूल घटनाएँ घटित, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

मकर-दिनचर्या व्यवस्थित, निजी जिन्दगी में सुख के साधन सुलभ, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति, उच्चाधिकारियों से अपेक्षित सहयोग, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

कुम्भ-आज रात्रि 11/03 बजे तक समय अशुभ, जोखिम से हानि, योजना की पूर्ति में बाधा, पदोन्नति में व्यवधान, शेष समय बेहतर, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दाम्पत्य सुख।

मीन-आज रात्रि 11/03 बजे तक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, शारीरिक सुख की अनुभूति, प्रियजनों से सहयोग, व्यापार में धन निवेश, शेष समय असंतोषजनक, व्यर्थ भ्रमण।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-२/१-७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-२२१००२ मोबाइल ९३३५४१४७२२

जनपद में आज 87 बूथों पर होगा कोरोना टीकाकरण

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में बुधवार 7 जुलाई को जनपद में 87 स्थानों पर कोरोना टीकाकरण किया जाएगा, जिनमें से 15 स्थानों पर ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से टीकाकरण होगा। उन्होंने बताया कि जनपद में 4 सत्र वर्क प्लेस व पूरे जनपद में 68 स्थानों पर नागरिक टीकाकरण स्थल पर अपना रजिस्ट्रेशन करा कर टीकाकरण करवा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के नगर क्षेत्र में क्लस्टर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नई मंडी, पटेल नगर, लक्ष्मण विहार, जाट कॉलोनी, भरतिया कॉलोनी, अवध विहार, उत्तरी व दक्षिणी सिविल लाइन, आर्यपुरी, नुमाइश कैंप, शिक्षक कॉलोनी, केशवपुरी एवं आवास विकास के पास का क्षेत्र लिया है, जिनमें 1 जुलाई से टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार से इन क्षेत्रों के लोगों के लिए टीकाकरण के लिए नए स्थानों पर टीकाकरण किया जाएगा, जिससे लोग अपनी ही सुविधानुसार अपने घर के पास वाले क्षेत्र में अपना टीकाकरण करा सकते हैं, जिनमें एफसीएस डी पब्लिक स्कूल जाट कॉलोनी, वैदिक पुत्री पाठशाला कन्या इंटर कॉलेज वकील रोड नई मंडी, सन फ्लावर पब्लिक स्कूल भरतिया कॉलोनी, एसएफ डीएवी पब्लिक स्कूल शाकुंतलम आवास विकास, तथा होली एंजेल्स कॉन्वेंट स्कूल मालवीय चौक में टीकाकरण कैंप लगाए जाएंगे। जहां 18 वर्ष से अधिक आयु के लोग अपना आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि लाकर अपना सीधा रजिस्ट्रेशन कराकर कोरोना का टीकाकरण करा सकते हैं। सरएमओ ने बताया कि नगरीय क्लस्टरों में इन्हीं स्थानों पर रहने वाले लोग अपना टीकाकरण कराने आए, जहां इन टीकाकरण केंद्रों में प्रथम एवं द्वितीय दोनों डोज नागरिक लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ऐसे नागरिक जो इन क्षेत्रों में निवास नहीं करते, वें कोरोना का टीकाकरण ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से स्लॉट बुक करा कर करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में मोरना, चरथावल और शाहपुर ब्लॉक में भी क्लस्टर अभियान चलाया जा रहा है जिन गांवों में क्लस्टर अभियान चलाया जा रहा है वहां पर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग कोरोना टीकाकरण की प्रथम व द्वितीय डोज लगवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नागरिक टीकाकरण से संबंधित किसी भी जानकारी, समस्या या शिकायत के लिए कंट्रोल रूम नंबर 0131-2440966 पर संपर्क कर सकते हैं।

जनपद में 14787 लोगों को लगा कोरोना का टीका

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि मंगलवार को जनपद में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने कुल 14787 लोगों का कोरोना टीकाकरण किया गया। उन्होंने बताया कि टीकाकरण केंद्रों पर 12250 लोगों को टीकाकरण किया गया जिनमें से 9632 लोगों को प्रथम डोज लगाई गई तथा 2618 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि जनपद में आज ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 2537 लोगों ने अपना टीकाकरण कराया।



दबंगों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर गुहार लगाते निरगाजनी के दलित।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक- उत्तम चन्द्र शर्मा

समाचार सम्पादक-अंकुर दुआ

सब-सम्पादक- श्रीमति पूजा दुआ

सम्पादक-94127-10840, (आ.)-98370-42840

विज्ञापन-9368549219 (मो.) 7983359929, 9412210257

e-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

दलितों ने दबंगों पर लगाया मारपीट का आरोप

भोपा, ६ जुलाई (बु.)। खेत की मेढ़ को लेकर चल रहे विवाद में दलित समाज के व्यक्तियों ने दबंगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है तथा क्षेत्राधिकारी भोपा को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। भोपा थाना क्षेत्र के गाँव निरगाजनी निवासी महिला राम सितारी ने क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर तहरीर देकर बताया कि सोमवार को उसका पुत्र संजय व पुत्रवधु अनिता खेत पर गये, जहाँ मेढ़ की रंजिश रखते हुए गाँव के सात व्यक्तियों ने मिलकर उसके पुत्र व पुत्रवधु के साथ गाली गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों सहित बेहद अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा बेटे पर फावड़े आदि से जानलेवा हमला करते हुए उसे घायल कर दिया व पुत्रवधु के कपड़े भी छेड़छाड़ करते हुए फाड़ दिये। किसी प्रकार दोनों ने वहाँ से भागकर अपनी जान बचाई। गत २० मई को भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गयी थी। आरोपी बार-बार मेरे बेटे को जान से मार देने की धमकी देने व पूर्व में गाँव में घटी हत्या की लोमहर्षक घटना को अंजाम देने की चेतावनी दे रहे हैं। पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी भोपा गिरिजाशंकर त्रिपाठी को तहरीर देकर न्याय व सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पेड़ गिरने से टूटा विद्युत पोल,बच्चे सहित तीन घायल

मोरना, ६ जुलाई (बु.)। गांव बेहड़ा सादात में हाईटेंशन लाइन पर पेड़ की शाखा टूटकर विद्युत पोल पर गिर गयी, जिससे पोल सड़क पर जा गिरा। वहां से गुजर रहे एक ही परिवार के बच्चे सहित तीन घायल हो गये। घायलों को राहगीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने लाइन को काटकर विद्युत पोल को हटाया, जिससे अवरुद्ध हुए बेहड़ा -बैराज मार्ग पर वाहनों का संचालन शुरू हो सका। ककरौली थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़ा सादात में बस स्टैंड पर एक लोहे का विद्युत पोल लगा हुआ था, जो नीचे से लगभग गल चुका था। मंगलवार की दोपहर में विद्युत पोल की बराबर में खड़े एक पेड़ का मोटा तना टूट कर विद्युत लाइन पर जा गिरा, जिस कारण नीचे से गला हुआ पोल वहां से गुजर रहे रिहाना पत्नी रफी व उसकी पुत्री रिया व बेटा शाहवेज के ऊपर जा गिरा, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों की मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खंबे के के सड़क पर गिरने से घण्टों तक बेहड़ा -बैराज मार्ग अवरुद्ध रहा, जिससे वाहनो की लंबी कतार लग गयी। पुलिस की सूचना पर पहुँचे विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा खम्बे को हटाकर मार्ग को चालू किया गया।



1973-2021

सम्पादक की क़लम से

अयोध्या और चित्रकूट

अयोध्या में ज़मीनों की क़ीमत काफ़ी बढ़ गयी है। राम मंदिर निर्माण के लिये कई मंदिरों को विस्थापित भी किया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद एक नई विकसित अयोध्या अस्तित्व में आयेगी, जो पूर्णतया आध्यात्मिक स्वरूप लिये होगी। अयोध्या से चित्रकूट तक भगवान राम वनगमन मार्ग की तैयारियां भी चल रही हैं। योगी सरकार अब भगवान राम वनगमन मार्ग बनाएगी। इसका ड्राफ़्ट तैयार कर लिया गया है। जिन रास्तों से होकर भगवान श्रीराम वनवास गए थे, उन रास्तों के विकास के लिए वनगमन मार्ग का ड्राफ़्ट तैयार किया गया है। लोक निर्माण विभाग इस मसौदे पर लंबे समय से काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि इसको लेकर विभाग ने अपने मंत्री को प्रजेंटेशन भी दी। अयोध्या से चित्रकूट तक बनने वाले इस मार्ग को वनगमन मार्ग कहा जाएगा। अयोध्या से चित्रकूट तक के वनगमन मार्ग का निर्माण 3 चरणों में किया जाएगा। मार्ग निर्माण के साथ ही उन इलाकों का विकास भी इससे जोड़ा जाएगा। इससे इन इलाकों की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विकास के साथ ही आर्थिक लिहाज से भी तस्वीर बदलेगी। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस बारे में जानकारी दी। मौर्य ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस डेवलपमेंट का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। जल्द ही भूमि अधिग्रहण, एलाइनमेंट और अन्य प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। यह वनगमन मार्ग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन दर्शन से जुड़ा हुआ है। इन रास्तों पर निर्माण कार्य करके इन क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। वनगमन मार्ग अयोध्या से शुरू होकर सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, श्रृंगवेरपुर धाम, मंझनपुर, राजापुर होते हुए चित्रकूट तक जाएगा। कुल 210 किलोमीटर का सफ़र तय करते हुए चित्रकूट धाम को राम नगरी से जोड़ने का काम किया जाएगा। यह सभी धार्मिक आस्था और संस्कृति के बड़े केंद्र के रूप में बनकर उभर रहे हैं, राम मंदिर निर्माण के बाद इनका महत्व भी काफी बढ़ जाएगा। इन सभी जगहों को सड़क मार्ग से जोड़ने की यह योजना भविष्य की अन्य संभावनाओं के लिए रास्ते खोल देगी। आने वाले सभी भक्तों को राम मंदिर के साथ-साथ वनगमन के पूरे पथ को भी देखने और समझने का मौका मिलेगा। राम वनगमन मार्ग पर पौधारोपण भी किया गया। पौधारोपण अभियान में रामायण काल के 88 प्रकार के पौधे लगाए जा रहे हैं। अभियान में वन विभाग 33 लाख 94 हज़ार पौधे लगा दिये। पाकड़, पीपल, बरगद व महुआ आदि के पौधे लगाए जा रहे हैं, जिससे न केवल राम वनगमन मार्ग पर भक्तों को जगह जगह छाया मिलेगी, बल्कि अयोध्या की हरियाली एवं पर्यावरण की शुद्धता को बढ़ावा भी मिलेगा। इस समय अयोध्या वासी राम नगरी के भव्य परिवर्तन के साक्षी बन रहे हैं। अयोध्या में बीते दो सालों में ज़मीन 8 गुणा तक महंगी हुई है। 9 नवंबर 2019 को राम मंदिर के पक्ष में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद ज़मीनें तेज़ी से बिकनी शुरू हुईं। इस तेज़ी का अंदाजा दो बातों से लगाया जा सकता है, पहली, यह कि राज्य सरकार को 17 अक्टूबर 2020 को एक आदेश जारी कर अयोध्या की कई ज़मीनों की बिक्री पर रोक लगानी पड़ी, क्योंकि सरकार यहां अपने प्रोजेक्ट्स शुरू करना चाहती है। दूसरी यह कि अयोध्या के स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 2017-18 में 5,962 रजिस्ट्री हुई थीं। 2020-21 में यह आंकड़ा 13,856 पर पहुंच गया। यानी 2017-18 के मुकाबले 2020-21 में 232 प्रतिशत अधिक रजिस्ट्री हुई। 2017 में एक व्यक्ति ने रामलला मंदिर से करीब अढाई किमी दूर विद्याकुंड क्षेत्र में 1361 स्क्वायर फीट का प्लॉट लिया। तब इसके लिए 8.16 लाख रुपए चुकाए थे। अब लोग इसके लिए 30 लाख रुपए दे रहे हैं, लेकिन उस व्यक्ति ने इसे बेचने से मना कर दिया है। बन रहे राम मंदिर से महज दो किमी. दूर सब्जी मंडी के पास 5 साल पहले एक व्यक्ति ने 2100 स्क्वायर फीट का प्लॉट लिया था। इसके लिए 14.17 लाख रुपए चुकाए थे और अब इसके 84 लाख मिल रहे हैं। राम मंदिर को बनते हुए 11 महीने पूरे हो चुके हैं। मंदिर बनने के साथ नए शहर की तस्वीर पूरी तरह बदल जायेगी। अयोध्या में राम मंदिर के लिए मंदिर के आस-पास के लोगों को घर और मंदिर ख़ाली कराने के लिए ट्रस्ट ने अच्छी क़ीमत भी दी और दूसरी जगह घर या मंदिर बनाने के लिए ज़मीन भी दी जा रही है। इससे ट्रस्ट के ख़ज़ाने का प्रयोग हो रहा है। जिन मंदिरों का अधिग्रहण हो रहा है, उनके महंतों ने इन दावों को स्वीकार किया है, महंत साफगोई से कह रहे हैं कि इसमें पूरी पारदर्शिता बरती गई है।मंदिर बिक नहीं रहे, शिफ्ट हो रहे मंदिरों के बदले रक़म दिए जाने पर लोग इन्हें बेचने का आरोप लगा रहे हैं। इस पर फकीरे राम मंदिर के महंत का कहना है कि रामलला के आस-पास बने मंदिर को बेचा नहीं जा रहा है, बल्कि उसे दूसरी जगह शिफ्ट किया जा रहा है। हम अपने देव विग्रहों को नया मंदिर बनाकर वहां स्थापित करेंगे। मंदिर के वास्तुदोष को समाप्त करने के लिए ट्रस्ट पहले से मौजूद 70 एकड़ ज़मीन के अलावा 38 एकड़ ज़मीन और ख़रीद रहा है। इसी को लेकर महंगे दामों पर ज़मीनें ख़रीदने की बातें हो रही हैं। मंदिर का स्थान परिवर्तन करने पर कौशल्या भवन मंदिर के महंत ने कहा कि ट्रस्ट ने मंदिर को पाने के लिए कोई जबरदस्ती नहीं की थी। राम मंदिर परकोटे में यह मंदिर आ रहा है। इसलिए यह मंदिर, राम मंदिर के काम आ रहा है। उन्होंने ज़मीन के बदले ज़मीन और मंदिर निर्माण के लिए धन दिया है। मंदिर को बेचा नहीं गया है। ट्रस्ट ने 4 करोड़ रुपए आरटीजीएस के तहत भुगतान किया है। इसमें पूरी पारदर्शिता बरती गई है। इस प्रकार अयोध्या में कई मंदिरों का स्थान परिवर्तन किया जा रहा है। 250 साल पुराने फकीरे राम मंदिर को दूसरी जगह विस्थापित करने के लिए राम मंदिर ट्रस्ट मंदिर के महंत को क़रीब 13 बिस्सा ज़मीन दूसरी जगह ख़रीद कर दी है। इसके अलावा मंदिर निर्माण के लिए 3 करोड़ 71 लाख रुपए भी दिए हैं। यह रकम बैंक अकाउंट में आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर की गई है। दावा है कि यह मंदिर 10 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके बाद पुराने मंदिर में विराजमान भगवान को नए मंदिर में विराजित कर दिया जाएगा।

चार तीर -सुनील 'उत्सव'

'रौब' 'चाव' 'पप्पू' 'वोट'

रौब ख़त्म हो गया, चाव दफ़्न हो गया,
पप्पू से उम्मीद थी, वो भी कहीं सो गया,
और हम लुटे-लुटे,वोट से पिटे-पिटे,
भाजपा का शहर-शहर रास देखते रहे..
सारा दूध फट गया, गिलास देखते रहे....

लापरवाही : पशुओं के तबेले में तब्दील हुआ आंगनबाड़ी केन्द्र

–आंगबाड़ी केन्द्र पर दबंग ग्रामीणों ने पशु बांधे –पिछले करीब १० साल से आंगनबाड़ी केन्द्र में बांधे जा रहे हैं पशु

मीरांपुर, ६ जुलाई (बु.)। सरकारी तंत्र की लापहरवाही के चलते ग्राम नरसिंहपुर में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पशुओं के तबेले का रूप धारण कर गया। करीब १५ वर्ष पूर्व गांव नरसिंहपुर चुड़ियाला में ग्राम पंचायत द्वारा बनाए गए आंगनबाड़ी केन्द्र पर पिछले कई वर्षो से कुछ दबंग ग्रामीणों ने कब्जाकर वहाँ अपने पशु बांध रखे हैं। सरकारी तंत्र की उदासीनता के चलते यह आंगनबाड़ी केन्द्र पशुओं के तबेले में बदल गया है, जिसके चलते आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा बच्चों को सरकारी स्कूल में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। मीरांपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत चुड़ियाला के पूर्व प्रधान शाकिर ने गांव के मजरा नरसिंहपुर में करीब १५ वर्ष पूर्व गांव में खाली पड़ी सरकारी भूमि पर एक आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कराया गया था। लाखों रूपये खर्च कर बनाए गए इस आंगनबाड़ी केन्द्र में मात्र एक वर्ष तक ही शिक्षण कार्य चला, जिसके बाद सरकारी तंत्र की लापहरवाही व उदासीनता के चलते यहां पर गांव के ही कुछ दबंग ग्रामीणों ने अपना कब्जा जमा लिया और यहां पर अपने पशुओं को बांधना शुरू कर दिया। आरोप है कि इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से भी की गई, लेकिन कोई समस्या को कोई समाधान नहीं निकला। नतीजन इस आंगनबाड़ी केन्द्र पर दबंग कहे जाने वाले ग्रामीणों ने अपना कब्जा कर लिया और आंगनबाड़ी केन्द्र को पशुओं के तबेले में बदल दिया। वर्तमान में यह आंगनबाड़ी केन्द्र अब पशुओं का तबेला बनकर रह गया है। सरकारी तंत्र की उदासीनता के चलते अब आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा सरकारी स्कूल में खाली पड़े एक कमरे को प्रयोग में लाकर बच्चों को वहां पर ही पढ़ाया जा रहा था। बता दें कि सरकारी तंत्र की उदासीनता के चलते लाखों रूपये में बना आंगनबाड़ी केन्द्र बदहाली के आंसू बहा रहा है और पूर्ण रूप से तबेले में परिवर्तित हो चुका है। मामले पर आंगनबाड़ी सुपरवाइजर मुनेश का कहना है कि नरसिंहपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र प्राइमरी स्कूल में चलता है। मैं पिछले दो वर्षो से जानसठ में हूं, मेरे संज्ञान में इस प्रकार का कोई मामला नहीं है। मामले पर जब एसडीएम जानसठ से वार्ता करनी चाही, तो उनका मोबाईल नेटवर्क क्षेत्र से बाहर होने के कारण संपर्क नहीं हो सका।

मीरांपुर के नरसिंहपुर में आंगनबाड़ी केंद्र में बंधे पशु।

गर्मी के बाद भी टीकाकरण केंद्रों पर बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (सूवि)। कोरोनारोधी टीके को लेकर धीरे–धीरे लोगों में जागरूकता आ रही है। खासतौर पर युवाओं में टीकाकरण के प्रति खासा उत्साह दिख रहा है। इसकी बानगी मंगलवार को ब्लॉक मोरना, ककराला एवं चौरावाला के साथ–साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोकरहेड़ी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपा पर देखने को मिली। जहां क्लस्टर टीकाकरण अभियान के तहत १८ वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों का आवागमन सुबह से ही शुरू हो गया और शाम तक जारी रहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कोरोनारोधी टीके के प्रति लोगों की सोच में पहले की अपेक्षा अब काफी बदलाव आ रहा है। इस कारण टीका लगवाने वालों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। टीकाकरण के लिए युवाओं में उत्साह दिख रहा है, तो बुजुर्ग भी टीका लगवाने में जोश दिखा रहे हैं। मंगलवार को जनपद के ४६ स्थानों पर ७५ बूथ बनाकर टीकाकरण किया गया, जिसमें १८ वर्ष से ऊपर के सभी लाभार्थी शामिल रहे। क्लस्टर टीकाकरण अभियान के तहत पांच स्थानों पर टीकाकरण किया गया, जबकि ४१ स्थानों पर पूर्व की भांति टीकाकरण जारी रहा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राजीव निगम ने बताया जनपद में कोरोना टीकाकरण को लोग गंभीरता से ले रहे हैं, यह अच्छी बात है। टीकाकरण की गाड़ी जैसे–जैसे रफ्तार पकड़ रही है। उससे कोरोना से लड़ाई में और भी मजबूती मिल रही है। तेज धूप होने के बावजूद भी लोग लाइन में खड़े दिखाई दे रहे हैं, जिस तरह से जोश युवाओं में रहा, ४५ की उम्र पार और बुजुर्ग भी किसी मायने में कम नहीं रहे। कोई कांपते कदमों से अपने घर के सदस्यों का सहारा लेकर टीका लगवाने पहुंचा, कहीं व्हीलचेयर से बुजुर्ग टीकाकरण केंद्रों तक आये। उन्होंने बताया मंगरवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में ४६ केंद्रों पर टीके लगाए गए। फिलहाल लोगों में उत्साह कायम है और केंद्रों पर स्टाफ भी पूरी शिद्दत से जुटा है।

एमडीए आफिस का औचक निरीक्षक करते मंत्री कपिल देव अग्रवाल। –फोटो बुलेटिन

शाहपुर क्षेत्र के पहलवान ने राष्ट्रीय स्तर पर हासिल किया प्रथम स्थान

शाहपुर, ६ जुलाई (बु.)। क्षेत्र के गांव सोरम के अंतरराष्ट्रीय पहलवान गौरव बालियान ने दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर रूस में आयोजित होने वाली जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। गांव सोरम के होनहार पहलवान गौरव बालियान के कोच निर्दोष बालियान ने बताया कि नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ७६ किग्रा की ट्रायल प्रतियोगिता में होनहार पहलवान ने हरियाणा, गुजरात व आर्मी के पहलवानों को पछाड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोच ने बताया कि चयनकर्ताओं ने होनहार पहलवान का चयन रूस के उफा में १६ अगस्त से २२ अगस्त तक होने वाली जूनियर वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए किया गया है। होनहार पहलवान का अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने से गांव व खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।

मंत्री कपिल देव ने मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

मुजफरनगर, ०६ जुलाई (बुस.)। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण कार्यालय का औचक निरीक्षण कर प्रधानमंत्री योजना के आवास तुरंत आबंटित करने व जनपद के विकास कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। नगर विधायक एवं प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि २०२२ तक सबका अपना घर हो। इसी कड़ी में उन्होंने कल (०५ जुलाई) मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण में पहुँचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन व निर्माणाधीन योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मंत्री कपिल देव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही प्रदेश सरकार द्वारा सभी जनपदों में विकास कार्यों की गति तीव्रता के साथ आगे बढ़ी है। इस अवसर पर उन्होंने सचिव एम.डी.ए. महेंद्र सिंह को जनपद में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता, महायोजना २०३०, नक्शों की स्वीकृति में तीव्रता, शहर व शुकतीर्थ के श्मशान घाटों के सौंदर्यकरण व मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के कार्यालय में ५०० सीटिंग वाले एक मीटिंग हॉल की स्थापना के लिए निर्देशित किया। सचिव महेंद्र प्रसाद ने जनपद में चल रही विकास योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास योजना व आगामी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

कला उत्सव-२०२१ में एप्लाइड आर्ट का लाईव डेमोंसट्रेशन

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बुस.)। नौ दिवसीय कला उत्सव में आज आठवें दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. विशाल भटनागर (ख्याति प्राप्त मूर्तिकार, चंडीगढ़ म्यूजियम), विशिष्ट अतिथि डॉ. सचिन गोयल (प्राचार्य एसडी कॉलिज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज), कार्यक्रम के रिसोर्सपर्सन डॉ. राम प्रताप वर्मा (एमिनेंट आर्टिस्ट), कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. हिम चटर्जी (चेयरमैन दृश्य कला विभाग, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला) रहे। कला उत्सव २०२१ के अंतर्गत चल रही चित्रकला कार्यशाला का आठवाँ दिन बहुत ही भव्यता के साथ समाप्त हुआ, जिसमें काफी संख्या में कलाकारों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि विशाल भटनागर ने कहा कि कला उत्सव टीम ने जो यह सुंदर आयोजन किया है, यह बहुत ही उत्तम और सराहनीय कार्य है। नवोदित कलाकारों द्वारा छात्र–छात्राओं के लिए यह एक लाभप्रद मंच है। सभी संस्थाओं द्वारा मिलकर किया गया यह प्रयास वास्तव में सराहनीय है और मैं कामना करूंगा कि ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ. सचिन गोयल ने कहां की कला उत्सव टीम द्वारा आयोजित यह भव्य कार्यक्रम निरंतर नए आयाम छू रहा है तथा जिससे छात्र–छात्राएं तथा नवोदित कलाकार और कलाप्रेमी निरंतर लाभ उठा रहे हैं। इस कोरोना काल मे यह जो कदम इन सभी महाविद्यालयों ने उठाया है। वह प्रशंशनीय है। सभी के अथक प्रयास के लिए बहुत–बहुत शुभकामनाएं। कार्यक्रम के रिसोर्सपर्सन डॉ. राम प्रताप वर्मा ने कहा कि किस प्रकार से हम चित्रों के माध्यम से अपने मन के भावों को कह सकते हैं। आपने एप्लाइड आर्ट की जानकारी सभी नवोदित कलाकरो तथा दर्शकों को दी, जिससे सभी का ज्ञानवर्धन हो सका। आपने अपनी तकनीकी कुशलता ओर चित्रो से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. हिम चटर्जी ने कहा कि प्रत्येक कलाकार की अपनी सृष्टि होती है, अपना ब्रह्मांड होता है, जिसमें वह निरंतर सृजन कर स्वयं की आत्मीय अभिव्यक्ति करता है। इसके अतिरिक्त चित्रों को पढ़ना भी अपने आप में एक कला है। कलाकार की आत्मा जब उसके चित्रों में उतर आती है, तब वह एक सौंदर्य पूर्ण तथा युग कृति बन जाती है। कार्यक्रम की प्रस्तावना डॉ. ऋचा जैन ने दी। अतिथियों का परिचय और मंच का संचालन डॉ. रजनीश गौतम व डॉ. वन्दना वर्मा के द्वारा किया गया व कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक डॉ. वेदपाल सिंह, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. अमित कुमार, नीरज मौर्य, कनीज हुसैन, अर्चना, ज्योति, विपाशा गर्ग, विंशु मित्तल, अंकिता साहू, गुंजन सिंधी, निधी सिंहवाल, कुलदीप सैनी, नेहा गुप्ता, व कृष्ण कुमार आदि का सहयोग रहा।

किराये हेतू



भोपा रोड पर कमर्शियल बिल्डिंग, किसी भी कार्य हेतु (बैंक, स्कूल, कॉलेज, बैंकट हॉल, ऑफिस आदि) किराये/पार्टनरशिप पर उपलब्ध है।

जगह 10000×30000 फुट
M.D.A. से अप्रूव्ड

सम्पर्क करें :-
9520444446

शाहपुर के सोरम गांव में मुख्य मार्ग पर हुआ जलभराव, राहगीर परेशान

शाहपुर, ६ जुलाई (बु.)। क्षेत्र के गांव सोरम में मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से ग्रामीणों व राहगीरों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। ऐतिहासिक गांव सोरम में मुख्य मार्ग पर पानी की निकासी न होने के कारण सड़क पर जलभराव हो गया है। इस मार्ग से कस्बे से लोग गांव के अलावा गोयला आदि गांवों में जाते हैं। सड़क पर जलभराव होने से ग्रामीणों के अलावा राहगीरों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में सड़क किनारे बसे लोगों के घरों का पानी नाले से होकर एक खेत में जाता था, किंतु खेत मालिक ने अपने खेत का भराव कर दिया, जिससे पानी खेत की बजाय सड़क पर भर रहा है। ग्रामीण मुस्तकीम, हाजी जाहिद, अलीजान, खालिद, राशिद, जमीर अहमद व शकील अहमद ने डीएम सेल्वा कुमारी जे से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

श्रद्धांजलि सभा

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय **कुमारी पूजा बंसल (गुड़िया)** का आकस्मिक स्वर्गवास **दिनांक 27 जून, 2021, दिन–रविवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म तेरहवीं दिनांक 08 जुलाई 2021, दिन-बृहस्पतिवार को अपराह्न 2:00 बजे, **स्थान : दर्पण पैलेस, लक्ष्मण विहार, निकट नई मण्डी पुल, मुजफ्फरनगर** पर होगी।

ब्रह्मभोज: 12:00 बजे

-: शोकाकुल परिवार :-

राधा कृष्ण बंसल (पिता)
रुकमणी बंसल (माता)
मुकेश बंसल-ममता बंसल (भाई-भाभी)
शरद बंसल (भाई)
चिरंजीवी बंसल-रिचा अग्रवाल (भतीजा-भतीजवधू)
यसचंद्र बंसल, वृन्देश बंसल, प्रभव बंसल (भतीजे)
ऐश्वर्य बंसल (पौत्र)

Mobile. 9412705606, 7017382408, 7060706027

नोट : आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि कोरोना संक्रमण के कारण आप अपनी श्रद्धांजलि मैसेज अथवा फोन द्वारा भी व्यक्त कर सकते हैं। आपकी सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कासमपुरखोला में वृक्षारोपण किया

मीरांपुर, ६ जुलाई (बु.)। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा की जीत होने पर ग्रामीणों ने भाजपा जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भाजपा जिलाध्यक्ष को रथ में सवार कर बैंडबाजे के साथ जुलूस निकाला। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया तथा ग्रामीणों से पर्यावरण की रक्षा हेतु वृक्ष लगाने की अपील की। हाल ही में हुए जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरपाल निर्वाल की जीत होने से भाजपाइयों में खुशी की लहर छायी हुई है। मंगलवार को मीरांपुर क्षेत्र के ग्राम कासमपुर खोला में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुँचे भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला का कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी अरूण शर्मा व सोनू शर्मा ने सैंकड़ों ग्रामीणों के साथ गांव में भव्य स्वागत किया। गांव में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला को ग्रामीण बैंड–बाजे व ढ़ोल नगाड़ों की थाप पर रथ में बैठाकर कार्यक्रम स्थल तक लेकर पहुंचे तथा यहाँ पर ग्रामीणों ने भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व जिला मंत्री राहुल वर्मा का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जीत में सभी लोगों प्रेम व सहयोग रहा है, जिसके लिए वह सदा ऋणी रहेंगे। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने गाँव में वृक्षारोपण करते हुए आम व नीम के पेड़ लगाए। उन्होंने वृक्षारोपण करने के उपरांत प्रत्येक ग्रामीण से एक पेड़ अवश्य लगाने की अपील की साथ ही लगाए गए पेड़ों को प्रतिदिन पानी देने की भी अपील की। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ों का होना कितना जरूरी है, इसका महत्व ग्रामीणों को समझाया। इस दौरान आयोजक अरूण शर्मा, सोनू शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मदनपाल सिंह व अध्यक्षता पूर्व प्रधान राम सिंह ने की। इस दौरान ग्राम प्रधानपति पंकज कपासिया, दीपक धीमान, सोनू शर्मा, अवतार सिंह, रामकिशोर शर्मा, मुकेश शर्मा, डॉ. प्रवीण शर्मा, पूर्व प्रधान खेड़ी मानवेन्द्र शर्मा, स. इन्द्रजीत सिंह, बिन्नू चौधरी, स. बलजीत सिंह, सतेन्द्र शर्मा गंगदासपुर, ओमेन्द्र गुर्जर, प्रभात प्रधान आदि सैंकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

बीबीए, बीसीए विभाग की छात्राओं ने अपना उत्कर्ष प्रदर्शन दिया

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। वन महोत्सव के छठे चरण में आज ताराचंद वैदिक पुत्री डिग्री कॉलेज मुजफ्फरनगर में बी.बी.ए., बी.सी.ए. विभाग की छात्राओं ने अपना उत्कर्ष प्रदर्शन दिया। इसी श्रंखला को आगे बढ़ाते हुए कॉलेज की निर्देशिका डॉ. श्रीमती संतोष गोयल ने यह बताया कि किस तरह से हम सभी अपने आस–पास अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करके वन महोत्सव में अपना योगदान दें। महाविद्यालय को अपने प्रयासों द्वारा सफल बनाने में योगदान करने वाली कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता चौधरी ने भी छात्राओं को उन पेड़ पौधों के विषय में बताया, जिससे प्रकृति में स्वच्छ वायु का संचार अधिक होता है, जो प्रदूषित वायु को ज्यादा से ज्यादा अवशोषित कर लेते हैं। इनके आसपास अत्याधिक मात्रा में पेड़ पौधे होने से जीवन से तनाव दूर रहता है तथा जीवन काफी सुख शांति से व्यतीत होता है।

Requirements of Doctors

MBBS / BAMS / BHMS
for
VARDHMAN HOSPITAL

Please Contact- Mr. Priyam
Mobile : 9456095660
VARDHMAN HOSPITAL
Jansath Road, Muzaffarnagar

छः दिवसीय वैक्सीनेशन कैंप का हुआ समापन

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बुस.)। भारत विकास परिषद मुजफ्फरनगर सम्राट, कीर्ति व शिखर शाखा द्वारा छ दिवसीय निःशुल्क टीकाकरण (वैक्सीनेशन) कैंप का आयोजन जिला चिकित्सा अधिकारी की टीम के सहयोग से बृहस्पतिवार से प्रातः ६.३० बजे से जैन स्थानक आर्य समाज रोड डॉ राकेश अग्रवाल के बराबर गली में निरन्तर आज मंगलवार तक आयोजित किया गया'। वैक्सीनेशन कार्यक्रम के छठे व अन्तिम दिन 'प्रान्तीय अध्यक्ष शरत चन्द्रा, प्रा. उपाध्यक्ष परमकीर्ति शरण अग्रवाल, प्रा. महासचिव डॉ. आर.के.सिंह, प्रा. संगठन सचिव नवीन सिंघल, प्रा. मार्गदर्शक राम कुमार तायल, प्रा. चेयरमैन अरुण खण्डेलवाल, निष्काम गर्ग, पवन गोयल का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रान्तीय अध्यक्ष शरत चन्द्रा ने कहा कि प्रान्त में सभी शाखाओं में सेवा कार्य हो रहे हैं, लेकिन सम्राट शाखा के इस छः दिवसीय मैराथन कैंप की सराहना की। उन्होंने कहा कि शाखा संस्थापक व प्रा. उपाध्यक्ष परमकीर्ति शरण अग्रवाल ने सभी सदस्यों में ऊर्जा का संचार कर दिया है, उन्होंने शाखा के सभी सदस्यों की प्रशंसा की। शाखा पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का पटका पहनाकर स्वागत किया अध्यक्ष सुनील गर्ग ने कहा कि निकट भविष्य में भी प्रशासन द्वारा दिए गए किसी भी सेवा कार्य के लिए शाखा हमेशा तैयार रहेगी। आज कार्यक्रम अत्यधिक सफल रहा जिसका पूरा श्रेय सम्राट शाखा के अति उत्साहित सदस्यों को जाता है। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर शाखा द्वारा लगातार छः दिन तक वैक्सीनेशन करने वाले जिला चिकित्सालय के कोरोना योद्धाओं का आभार व्यक्त किया कैंप में प्रतिदिन ३०० डोज लगाईं गई। आज कैंप में वैक्सीनेशन कराने के लिए आने वाले सभी व्यक्तियों को शाखा की ओर से जलपान की सुन्दर व्यवस्था की गई। उपरोक्त कार्यक्रम मे छठे दिन सौम्य कुच्छल (कोषाध्यक्ष) कीमती लाल जैन, श्रीमती शशि सिंघल (महिला संयोजिका), अशोक सिंघल, प्रवीण सिंघल, विनय शर्मा, संजीव सिंघल, रोहिताश कर्णवाल एडवोकेट, प्रेम प्रकाश एडवोकेट, विराट जैन व कीर्ति शाखा से मोनिका शर्मा, प्रीति कंसल, प्रीति अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के एनसीसी कैडेट्स का कोरोना वैक्सीनेशन में वॉलंटियर के रूप में योगदान

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बुस.)। आज एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स में संचालित एनसीसी यूनिट के कैडेटस ने एसडी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर में चल रहे वेक्सीनेशन कैंप में वॉलंटियर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की व वैक्सीनेशन हेतु आने वाले लोगों के लिए व्यवस्थित रूप से सुविधाएं उपलब्ध कराई। एनसीसी कैडैटस को वॉलंटियर के रूप में सेवाएं देते देखने के पश्चात उपस्थित समस्त जनसमूह ने मुक्तकंठ से उनकी प्रशंसा की व उनके इस प्रयास को सराहा। तत्पश्चात सभी कैडेटस ने टीम लीडर अंकित धामा के नेतृत्व में प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल की प्रेरणा से वैक्सीनेशन की प्रथम डोज लगवाई व शपथ ली कि वह सभी कैडेटस अपने–अपने क्षेत्र में वैक्सीनेशन हेतु जागरूकता मुहिम चलायेंगे, जिससे की समाज ज्यादा से ज्यादा संख्या में निरोगमयी हो सके। वॉलंटियर के रूप अपनी सेवाएं देने वाले एनसीसी कैडेटस श्रीकान्त, अमान, निगम, शिवम, विशेष, परिक्षित, मयंक, शोएब, आशिष, सिम्पल, जैनब, राखी, निधि, हिमानी, नंदनी, संस्कृति आदि रहे। वैक्सीनेशन कैंप के संचालन में मुख्य रूप से जिशान (सुपरवाईजर), अंजु (एनम), सोनिया (आशा), सुमन (आगनबाड़ी) रहे। प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने कहा कि यह टीका अत्यन्त आवश्यक हैं, इससे हमारी इम्यूनिटी बढ़ती है और कोरोना के साथ–साथ अन्य रोगों से भी लड़ने की क्षमता उत्पन्न होती है। उन्होंने आग्रह किया कि १८ वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों का वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए।

भाजपा की छवि नहीं होने दूंगी खराबः अंजू अग्रवाल

❑दावाः सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास पर रहूंगी कायम

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। नगरपालिका परिषद् की चेयरमैन के समर्थन में मंगलवार को नगर के विकास के मुद्दे पर पूरा बोर्ड एकजुट दिखाई दिया। बैठक में मौजूद रहे 31 सभासदों ने बिना विरोध के अधिकांश प्रस्ताव को बहुमत के आधार पर पारित करा दिया। साथ ही उन्होंने विरोधियों को भी संदेश देने का काम किया है। बैठक में विचार रखते हुए चेयरमैन ने भाजपा के इन्हीं सभासदों को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की, जो पार्टी में रहते हुए पार्टी के एजेंडे से अलग होकर भाजपा की छवि को खराब करने में जुटे हुए हैं। उन्होंने ऐसे सभासदों के खिलाफ पार्टी शीर्ष नेतृत्व को शिकायत किए जाने की बात करते हुए दावा किया कि भाजपा की छवि को वें किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगी। उन्होंने दावा किया कि वें नगर के विकास के मुद्दे पर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संदेश को लेकर आगे बढ़ रही हूं, जिसमें किसी की दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं भाजपा सभासद दल नेता प्रेमी छाबड़ा और उप नेता विपुल भटनागर ने भी चेयरमैन के सुर में सुर मिलाते हुए ऐसे सभासदों की शिकायत आलाकमान से किए जाने का दावा किया। बता दें कि भाजपा के वार्ड 17 के सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा और कुसुमलता पाल भाजपा में होते हुए भाजपा की चेयरमैन अंजू अग्रवाल के ही विरुद्ध पूरी तरह से मोर्चा खोले हुए हैं। हालांकि पूर्व में उनके द्वारा की कई शिकायतों को प्रशासन द्वारा कराई जांच में निराधार पाया गया। ऐसे में बीते कई दिनों से 6 जुलाई की उक्त बोर्ड बैठक को लेकर भी इन सभासदों ने भाजपा सभासद दल के नेता प्रेमी छाबड़ा और उप नेता विपुल भटनागर के निर्देशों के विपरीत बोर्ड बैठक के बजट वाले एजेंडे का विरोध करते हुए पालिका के अन्य विरोधी सभासदों के साथ बैठक की और बोर्ड बैठक को विफल कराने में लगे रहे। सभासद राजीव शर्मा ने ही गत दिवस डीएम को शिकायत करते हुए पर्यवेक्षक की मांग की थी, जिस पर डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार को बतौर पर्यवेक्षक बोर्ड बैठक के लिए नामित कर दिया गया। वहीं संशोधित एजेंडा जारी करने की जांच की मांग भी उनके द्वारा की गयी। भाजपा सभासद दल के नेता प्रेमी छाबडा ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधि में शामिल रहने वाले सभासदों की शीर्ष नेतृत्व से शिकायत होगी। वहीं उप नेता विपुल भटनागर ने कहा कि अपने ही कुछ साथी सभासदों की हरकत ने हमें भी शर्मिंदा किया है। उन्होंने कहा कि हम उनके आचरण पर खेद व्यक्त करते हुए यह भरोसा दिलाते हैं कि पार्टी के इन सभासदों के विरुद्ध शीर्ष नेतृत्व से शिकायत करेंगे।

स्कूल की खाली पड़ी इमारत में चल रही तमंचा फैक्ट्री के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी व पकड़े गए आरोपी।

जिम्मेदारी को भूल सैर सपाटे में लगे विरोधी सभासद

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। मंगलवार को पालिका की संपन्न बोर्ड बैठक के दौरान विरोधी गुट के सभासदों पर नगर के विकास और जनहित के मुद्दे को छोड़कर विरोध करते हुए हिल स्टेशन पर सैर सपाटा करने का मुद्दा चर्चा के केन्द्र में रहा। सदन के बीच भ्रष्टाचार के मुद्दे पर की गई टिप्पणी की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए ऐसे सभासदों पर कार्रवाई किए जाने का मुद्दा भी छाया रहा। पालिका की बोर्ड बैठक के दौरान चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने कहा कि हम सभी नगर क्षेत्र के विकास के लिए चर्चा के लिए एकजुट हुए हैं, जबकि कुछ लोग जिनमें भाजपा के भी कुछ सदस्य है, भ्रम फैलाकर शिकायत करने के बाद अपनी जिम्मेदारी को भूल हिल स्टेशनों पर सैर सपाटा करने के लिए निकल गए हैं। उन्होंने कहा कि उनको घूमना है, उन्हें घूमने दो, हम भी जल्द ही सैर सपाटा करने के लिए जायेंगे। सदन में सभासद प्रवीण मित्तल ने सदन में मांग करते हुए कहा कि अगली बोर्ड बैठक किसी हिल स्टेशन पर रखी जाये, उनके इस प्रस्ताव पर सभी की हंसी छूट गई और सभी ने एकमत होकर इसका समर्थन किया। ऐसे में नगर क्षेत्र में हिल स्टेशन पर जाने का मुद्दा पालिका से नगर की गलियों तक चर्चाओं के केंद्र में छाया रहा।

ठेकेदारों का होगा भुगतान, फिर बहेगी विकास की गंगा

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। नगरीय क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को फिर से पंख लगने की उम्मीद जगी है। बोर्ड बैठक में लिए निर्णयों के बीच अब नगर में तमाम कार्य रुके पड़े होने का कारण ठेकेदारों को पालिका प्रशासन द्वारा भुगतान नहीं किया जाना है, लेकिन अब बोर्ड बैठक में बजट पारित होने के बाद उक्त ठेकेदारों के भुगतान का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

नगरपालिका परिषद में 14वें और 15वें वित्त के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में करीब 125 विकास कार्य कराये जा रहे हैं। इन कार्यों में से करीब 12 करोड़ रुपये के कार्य पूर्व में ही हो चुके हैं, जिनके भुगतान के लिए डीएम के निर्देश पर जांच कमेटी बनाई गयी थी। करीब 3 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की जांच के बाद कमेटी ने भुगतान की संस्तुति कर दी थी, इसके बावजूद भी ठेकेदारों का भुगतान नहीं किया जा रहा था। कान्ट्रेक्टर वेलफेयर एसो. ने पालिका प्रशासन के इस रवैये के बीच शहर में चल रहे निर्माण कार्यों को बन्द कर दिया था। बोर्ड बैठक में सभासदों ने कहा कि निर्माण कार्य बन्द होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ईओ हेमराज सिंह ने बताया कि बजट पारित न होने के कारण भुगतान रोका गया था, अब उक्त बजट स्वीकृत हो चुका है, तो ठेकेदारों का भुगतान भी जल्द ही शुरू करा दिया जायेगा। मंगलवार को कांट्रेक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आदेश त्यागी ने बोर्ड बैठक में लिए निर्णय का स्वागत करते हुए दावा किया कि अब नगर में विकास की गंगा बहेगी।

शिक्षा के मंदिर की खाली इमारत में बना रहे थे मौत का सामान

❑भारी मात्रा में बने–अधबने शस्त्रों व उपकरणों समेत ४ दबोचे

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। मंसूरपुर पुलिस ने स्कूल की खाली पड़ी इमारत में मौत का सामान बना रहे ४ लोगों को भारी मात्रा में बने–अधबने शस्त्रों व उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात मन्सूरपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि महर्षि दयानंद कॉलेज की खाली पड़ी पुरानी बिल्डिंग में कुछ लोग अवैध शस्त्र बनाने का कारखाना चला रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर छापा मारकर वहां से ४ लोगों को अवैध शस्त्र बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी इकराम पुत्र साजिद निवासी दूधाहेड़ी, थाना मन्सूरपुर, नीरज पुत्र रामपाल निवासी जौहरा थाना मन्सूरपुर, भीकम सिंह पुत्र राजाराम निवासी कवाल थाना जानसठ व राकेश पुत्र रमेश चंद निवासी अलमासपुर हैं। पुलिस ने मौके से ०३ मस्कट (३१५ व १२ बोर), ०७ तमंचे (३१५ व १२ बोर), ०७ जिन्दा कारतूस (३१५ व १२ बोर), १० अधबने तमंचे (विभिन्न बोर के), ०१ तमंचे की बॉडी, २२ नाल (विभिन्न बोर की), अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण– ०१ शिकंजा, ०१ ग्राइण्डर मशीन, ०१ ड्रिल मशीन, १० फायरिंग पिन, १६ बिट–छोटी व बडी, ०१ आरी, ०३ आरी के ब्लेड, ०३ छैनी, ०२ हथौड़ी, ०२ रेती, २८ स्प्रिंग, २० लकड़ी की चाप, ०२ सुम्मी, रेगमाल आदि सामान बरामद हुआ है। एसपी सिटी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त नीरज पर लूट, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर जैसी धाराओं में आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

तमंचा फैक्ट्री से बरामद किए गए अवैध हथियार बनाने के उपकरण

52 किलो चांदी लूटने वाला शातिर दबोचा

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। शहर कोतवाली पुलिस ने एक शातिर अपराधी को तमंचा व कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली की रोहाना चौकी के प्रभारी प्रवेश शर्मा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। गश्त के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को देखकर उसे रोका, तो उक्त युवक मौके से भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी गांव बहेड़ी निवासी नसीम पुत्र मौहम्मद हनीफ है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शातिर बदमाश है, जो दिल्ली में ५२ किलो चांदी लूटने के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

मादक पदार्थ की तस्करी में गिरफ्तार

कैराना, 6 जुलाई (बु.)। बुलेट बाइक पर सवार होकर मादक पदार्थ की तस्करी करने जा रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 110 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। पुलिस अधीक्षक शामली सुकीर्ति माधव के आदेशानुसार चलाए गए मादक पदार्थों की तस्करी/बरामदगी में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत कैराना पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 110 ग्राम अवैध स्मैक एवं तस्करी में प्रयुक्त बुलेट मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नदीम उर्फ महिन्द्रा पुत्र राशिद निवासी थाना कैराना के रूप में हुई है। इसके अलावा आरोपी आमिल पुत्र कामिल निवासी ग्राम लोहीपुर–माल्हीपुर थाना कांधला बताया गया है। पुलिस ने गिरफ्तारी कर आरोपी को जेल रवाना किया है।

राजनीति में दोस्ती-दुश्मनी क्षणिक, वक्त के साथ बदलते रिश्ते

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। नगरपालिका परिषद् की बोर्ड बैठक के लिए कई दिनों से जारी शह–मात का खेल नगर के विकास के मुद्दे पर विरोधियों के लिए उल्टा साबित हुआ। इस बीच चेयरमैन अंजू अग्रवाल की रणनीति के समक्ष उनके विरोधी भी प्रशंसक होते दिखाई दिए। इस बीच बोर्ड बैठक में भाजपा सभासद दल नेता प्रेमी छाबड़ा व उपनेता विपुल भटनागर शुरू से ही एजेंडे के पक्ष में रहे। बोर्ड बैठक की शुरूआत में सभासद विपुल भटनागर का आईआईए का चेयरमैन बनने और सभासद पूनम शर्मा को उत्तर प्रदेश सभासद एसोसिएशन में प्रदेश महामंत्री मनोनीत होने पर दोनों वार्ड सभासदों को चेयरमैन अंजू अग्रवाल द्वारा शॉल एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस बीच पूरे सदन की ओर से उन्हें विशाल माला पहनाकर भी स्वागत किया। सभासद विपुल भटनागर ने मंच से स्वीकार किया कि बोर्ड में जो सम्मान आज उन्हें मिला है, वैसा अभी तक कहीं नहीं मिल पाया था। वहीं पूनम शर्मा ने सम्मान के लिए पालिका चेयरमैन के साथ ही सदन की कृतज्ञता प्रकट की। बता दें कि विपुल भटनागर का चेयरमैन अंजू अग्रवाल के साथ पालिका बोर्ड के गठन के साथ ही 36 का आंकडा रहा है। पहले वें कांग्रेसी चेयरमैन होने के नाते और बाद में भाजपा में आने के बाद भी वें खुद भाजपा सभासद होते हुए भी उनके खिलाफ खड़े रहे। दूसरी ओर वार्ड 31 की वार्ड सभासद पूनम शर्मा ने चेयरमैन के खिलाफ करीब एक वर्ष से मोर्चा खोला हुआ था। बीते दिनों संपन्न हुई बोर्ड बैठक में महाराणा प्रताप की प्रतिमा को लेकर जहां वें काफी आक्रामक रही, वहीं चेयरमैन के स्टेनो गोपाल त्यागी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुद्दे पर पूनम शर्मा की हाईकोर्ट तक दी गई दस्तक किसी से छिपी हुई नहीं है, लेकिन नगर के विकास के मुद्दे पर पालिका में एक–दूसरे के धूर विरोधियों की नजदीकी जनता के लिए नए संदेश लेकर आएगी। ऐसे में यह कहना गलत न होगा कि राजनीतिक बिसात पर गिले शिकवे भी क्षणिक होते हैं, और दोस्ती–दुश्मनी भी। ऐसा मंगलवार को बोर्ड बैठक में दोनों वार्ड सभासदों के सम्मान की तस्वीर से नजर आया, जो आने वाले दिनों में नई क्रांति का सूत्र धार बन जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

बोर्ड बैठक में ना पहुंचने वाले ये हैं भाजपा सभासद

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, नरेश चन्द गुप्ता, कुसुमलता पाल, मनीषा तायल, सपना मलिक, सुशीला देवी, अमित गोयल (बॉबी), हनी पाल, सुरेश शर्मा, मुकेश कुमार।

पूर्व सभासद एवं व्यापारी के पुत्र की हृदय गति रुकने से मौत

कैराना, 6 जुलाई (बु.)। बुधवार को नगर के मौहल्ला चौक बाजार में स्थित पूर्व सभासद एवं व्यापारी संजय काम्बोज के 30 वर्षीय पुत्र आशीष काम्बोज अपने परिवार के साथ सो रहे थे कि अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया एवं अन्य व्यापारी आवास पर पहुंच गए। बाद में देर शाम कैराना के यमुना ब्रिज स्थित श्मशान घाट पर मृतक आशीष का अंतिम संस्कार किया गया।

लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री की हालत गंभीर लेकिन स्थिर

लक्जमबर्ग, 06 जुलाई (वार्ता) कोरोना वायरस (कोविड–19) महामारी से संक्रमित लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री जेवियर बेट्टेल की हालत गंभीर लेकिन स्थिर बनी हुई है। सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी है। श्री बेट्टेल के लक्षणों में सुधार नहीं होने के बाद सप्ताहांत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके ऑक्सीजन का स्तर नाकाफी पाया गया था। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की हालत गंभीर लेकिन स्थिर बनी हुई है।

करंट से इलेक्ट्रीशियन की मृत्यु

सहारनपुर,06 जुलाई (वार्ता) उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के सदर बाजार क्षेत्र में एक मकान में करंट उतर आने के बाद लाइन को ठीक करते समय उच्चशक्ति लाइन के करंट से झुलकर एक इलेक्ट्रीशियन की मृत्यु हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार सदर बाजार इलाके में श्रीकृष्णाधाम कालोनी स्थित एक मकान में करंट उतने के बाद खंभे पर चढ़कर इलेक्ट्रीशियन सुहेल और फिरोज बिजली की लाइन ठीक कर रहे थे। उसी दौरान हाईटेशन लाइन से एलटी लाइन का तार छू गया और जबरदस्त धमका हुआ। इस धमाके से मोनू शर्मा के मकान का लिंटर भी फट गया, घर में रखे बिजली के उपकरण फुंक गए और बराबर के मकान में भी दरार आ गई।

बंगलादेश में 14 जुलाई तक बढ़ा 'सख्त लॉकडाउन'

ढाका, 06 जुलाई (वार्ता) बंगलादेश सरकार ने कोविड–19 महामारी के खिलाफ लगाये गये देशव्यापी 'सख्त लॉकडाउन' को 14 जुलाई तक बढ़ा दिया है। देश के कैबिनेट डिवीजन ने सोमवार को जारी एक परिपत्र में यह घोषणा की। महामारी से निपटने के लिए बंगलादेश ने 'सख्त उपायों' के साथ एक जुलाई से सात दिवसीय लॉकडाउन की घोषणा की थी। अब इसे 14 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। कैबिनेट डिवीजन ने अपने नवीनतम आदेश में कहा कि देश में जारी महामारी की वर्तमान स्थिति को देखते हुए सभी मौजूदा प्रतिबंधों की अवधि बढ़ा दी गयी है।

बिजली की चपेट में आने से चार बच्चों की मौत

पत्थलगांव, 06 जूलाई (वार्ता) छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले का नारायणपुर थाना क्षेत्र का बेलसुंगा डेम में नहा रहे 4 बच्चे आकाशीय बिजली की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इस हादसे में मरने वाले दो बच्चों के शव कल बरामद करने के बाद आज दो अन्य बच्चों को भी पुलिस के गोताखोरों ने खोज निकाला है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने बताया कि कल सभी 4 बच्चे बेलसुंगा डेम में नहा रहे थे। इस दौरान डेम में ही अचानक आकाशीय बिजली गिरी थी। इसकी चपेट में चारों बच्चे आ जाने से उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी।

शेष : नगर पालिका में दो...

सभासदों को वे अपने पाले में खींच लेने का काम करती हैं। कुल मिलाकर नगर पालिका बोर्ड बैठक में आज एक बार फिर नाटकीय मोड आया और भाजपा दो धड़ों में विभाजित होती दिखी। अब देखना यह होगा कि नगरपालिका बोर्ड बैठक से अलग हुए भाजपाइयों का अंजाम क्या होता है।

देश में 24 घंटे में कोरोना से 553 मरीजों की मौत

नयी दिल्ली 06 जुलाई (वार्ता) देश में कोरोना वायरस संक्रमण की धीमी पड़ती रफ्तार के बीच पिछले 24 घंटों के दौरान संक्रमण के 35 हजार से कम नये मामले सामने आये हैं, जो 111 दिन में सबसे कम दैनिक मामले हैं तथा इस दौरान 553 मरीजों की इसके कारण मौत हुई। इस बीच सोमवार को 45 लाख 82 हजार 246 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 35 करोड़ 75 लाख 53 हजार 612 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 34,703 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ छह लाख 19 हजार 932 हो गया है। इस दौरान 51 हजार 864 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर दो करोड़ 97 लाख 52 हजार 294 हो गयी है। सक्रिय मामले 17,764 कम होकर चार लाख 64 हजार 357 रह गये हैं।

पूर्ण बहुमत के आधार पर संपन्न हुई बोर्ड बैठकः ईओ

❑पर्यवेक्षक को सौंपी हाजिरी रजिस्टर की छायाप्रति

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। नगर क्षेत्र के विकास व अन्य योजनाओं को धरातल पर व्यवस्थित करने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच मंगलवार को नगरपालिका की बोर्ड बैठक शांतिपूर्ण संपन्न हुई। बैठक में ईओ हेमराज सिंह द्वारा 31 वार्ड सभासदों की उपस्थिति का दावा करते हुए बताया कि मौजूदा नगरपालिका परिषद का बोर्ड कुल 57 सदस्यों का है, जिनमें से नगरपालिका में 50 निर्वाचित सभासदों के साथ ही 5 नामित सभासद व 2 पदेन सदस्यों के रूप में सांसद व विधायक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष प्रस्ताव के लिए कोरम पूरा होना जरुरी है, जिसके लिए मात्र 29 सदस्यों की उपस्थिति जरुरी है, लेकिन इस बोर्ड बैठक में इससे अधिक 31 सभासद मौजूद रहे। उक्त बोर्ड बैठक में एजेंडा पारित होने के बाद पर्यवेक्षक डिप्टी कलेक्टर मनोज कुमार ने कोरम की स्थिति जानने के लिए बोर्ड में मौजूद 31 वार्ड सभासदों की उपस्थिति को खुद हाजिरी लेकर पहली बार चैक किया। हालांकि इस बीच सभासदों का सीधे नाम लेने पर सदन ने पर्यवेक्षक के प्रति नाराजगी जताई तो बाद में सदन की गरिमा रखते हुए सब व्यवस्थित हो गया। पर्यवेक्षक द्वारा सभासदों की उपस्थिति के दौरान नामित सभासद कपिल पाहुजा, सभासद गुलशन कुरैशी गायब मिले, जिसको लेकर वें काफी देर तक संशय में ही रहे। बाद में बोर्ड बैठक की कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराते हुए एक डिजीटल साक्ष्य जुटाने का काम किया गया। पर्यवेक्षक द्वारा ईओ से सदन की कार्यवाही, उपस्थिति के लिए हाजिरी रजिस्टर की छाया प्रति और वीडियोग्राफी की फुटेज मांगी।

वृक्षारोपण सप्ताह के चलते वृक्षारोपण करते जिला पंचायत सदस्य श्रीभगवान शर्मा व उनके सहयोगी।

प्लॉट दिलाने के नाम पर की ठगी

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मीनाक्षी पुरम में प्लाट दिलाने के नाम पर कमलनगर निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र इंद्र सिंह से दो आरोपियों ने मिलकर पचास हजार रुपये ठग लिए। दो आरोपियों ने मिलकर किसी अन्य के प्लॉट को अपना बताकर ठगी का षड्यंत्र रचा। पीड़ित ने मंगलवार को एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय से मिलकर मामले की शिकायत की, जिसमें आरोप लगाया कि दो लोगों ने मिलकर उन्हें एटूजेड चौक अलमासपुर के निकट मीनाक्षीपुर में ११० गज का प्लॉट दिखाया गया। पेशगी के नाम पर ५० हजार रुपये ले लिए। बैनामा मांगने पर कई दिनों से बहाने बनाकर तीन लाख रुपये और मांगे गए, लेकिन उन्होंने शक होने पर छानबीन की तो प्लॉट सुथराशाही निवासी महिला के नाम निकला, जबकि मालिक किसी और बनाकर मौके पर बुलाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पेशगी की रकम वापस मांगे पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

बैंक घोटाला प्रकरण में कैशियर के घर की कुर्की

मोरना, 6 जुलाई (बु.)। ककरौली गांव में स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में धोखाधड़ी व षड़यंत्र कर फ़र्ज़ी वाउचर बनाकर ग्राहकों के खातों से करोड़ों रुपये निकालने के घोटाला प्रकरण में फरार चल रहे निलंबित कैशियर के घर कुर्की की कार्रवाई की गई है। ककरौली में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में बीते 19 जून 2019 को क्षेत्र के सैंकड़ों खाताधारकों ने बैंक अधिकारियों पर उनके खातों से करोड़ों रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन कर शाखा प्रबंधक को बंधक बना लिया था। नोएडा के सहायक महाप्रबंधक आरपी सिंह द्वारा घोटाला प्रकरण की जांच के बाद क्षेत्रीय प्रबंधक मुकेश कुमार ने चार जुलाई 2019 को ककरौली थाने पर कैंटीन ब्वाय मनोज कुमार ने शाखा प्रबंधक चंद्रमोहन शर्मा, फील्ड ऑफिसर राकेश शर्मा, कैशियर वीर बहादुर और रविंद दयाल से साज खाकर बैंक की कनेक्टीविटी खराब करके विड्रॉल पर अंगूठा व हस्ताक्षर कराकर 63 उपभोक्ताओं के खातों से एक करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक की रकम बैंक ग्राहकों व बैंक के साथ संगीन षड़यंत्र रचकर धोखाधड़ी व ठगी करने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कैंटीन ब्वाय मनोज कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचक इंस्पेक्टर डॉ. बृजेश प्रताप सिंह यादव ने बताया कि गत् सोमवार को न्यायालय के आदेश पर आरोपी कैशियर वीर बहादुर निवासी गांव रतनपुर थाना हीमपुर दीपा जिला बिजनौर के घर पर कुर्की की कार्रवाई की गई है, जबकि दूसरे अभियुक्त कैशियर रविंद्र दयाल निवासी मेहर अलीपुर थाना नहटौर, जिला बिजनौर ने कोर्ट में समर्पण कर दिया है। शाखा प्रबंधक चंद्रमोहन अभी फरार चल रहेहैं। वहीं फील्ड ऑफिसर राकेश शर्मा निवासी अग्रसैन कॉलोनी, जिला शामली ने हाई कोर्ट से जमानत करा ली है।

जनपद में मिले दो संक्रमित, 5 डिस्चार्ज

मुजफ्फरनगर, 06 जुलाई (बु.)। कोरोना संक्रमण के तेजी से गिरते ग्राफ के बीच मंगलवार को 02 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। वहीं इस बीच जिले में स्वास्थ्य विभाग ने 05 मरीजों को ठीक होने पर डिस्चार्ज किया है, जिसके बाद अब जिले में एक्टिव केसों की संख्या 43 रह गई हैं। जिले के लोगों के लिए राहत की बात यह रही कि इस बीच आरटीपीसीआर से जुड़ी 500 जांच रिपोर्ट में मात्र एक कोरोना पॉजिटिव मरीज मिला है। वहीं रेपिड एंटीजन टैस्ट से भी 01 संक्रमित प्रकाश में आए हैं। अब एक्टिव मरीजों की कुल संख्या 43 रह गई है। सीएमओ डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में आरटीपीसीआर से कुल 500 लोगों के टेस्ट कराए गए, जिसमें एक मरीज की जांच रिपोर्ट इस बीच पॉजिटिव आयी है। उन्होंने बताया कि जिले में रेपिड एंटीजन टैस्ट से 01 कोरोना पॉजिटिव मिला है। वहीं 05 संक्रमितों को ठीक होने पर कोविड अस्पताल से मुक्त किया गया, जिसके बाद कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या घटकर 43 रह गई है। जनपद में अभी तक कोरोना से 268 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में अभी तक कोरोना के 30,609 मरीज मिले हैं, जिसमें से 30,298 संक्रमितों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा ठीक होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। अब जिले में 43 कोरोना पॉजिटिव मरीज शेष रह गए हैं।

दो पक्षों में हुए विवाद में दर्जनों लोग हिरासत में

❑तालाब को लेकर गांव पावटी कलां में हुआ विवाद

कैराना, 6 जुलाई (बु.)। तलाब को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद में पुलिस में एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर शांतिभंग होने की आशंका में चालान किया। मंगलवार को कैराना क्षेत्र के गांव पावटी कलां में वर्षों से पड़े तालाब को लेकर दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया। देखते ही देखते वहां काफी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई, बाद में घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बताया जाता है कि गांव में तालाब की भूमि पर कई लोग कब्जा करने की नियत से उसकी सफाई करा रहे थे, लेकिन कब्जे का आरोप लगाते हुए अन्य लोग भी वहां पहुंच गए, जहां उनमें गाली गलौच होने के साथ-साथ बात मारपीट तक जा पहुंची। गांव में विवाद ना खड़ा हो जाए, इसी को लेकर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और भीड़ एकत्र देख पुलिस ने वहां से लगभग एक दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए एक पक्ष के इनाम पुत्र कुतुबदीन, याकूब पुत्र मामू, मोनिस पुत्र शराफत अली, अलीजंग पुत्र न्याज हसन, महसर पुत्र हबीब, जान आलम पुत्र इनाम, अमजद पुत्र शब्बीरा , सारिक पुत्र अब्बास, तसव्वर पुत्र इसरार निवासीगण ग्राम बीबीपुर हटिया, जबकि दूसरे पक्ष की तरफ से असजद पुत्र गफूर, सफदर पुत्र गफूर, अनवर पुत्र किताबू, वाकिब पुत्र मुकरीम, इसरान पुत्र कामिल, नवाब पुत्र कामिल, राशिद पुत्र यामीन, इकराम पुत्र गफूर, उस्मान पुत्र इकराम, दानिश पुत्र मुकरीम समस्त निवासीगण ग्राम बीबीपुर कैराना बताया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमवीर सिंह राणा ने बताया कि सभी का शांतिभंग की धारा में चालान किया गया है।

चकरोड़ के विवाद में किसान को मारपीट कर किया घायल

भोपा, 6 जुलाई (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निरगाजनी निवासी सुशील राठी ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार की सुबह उसका भतीजा भूरा अपने खेतो पर ट्रैक्टर लेकर गया था, जहां गांव के ही सोनू ने चकरोड़ के मध्य अपना ट्रैक्टर खड़ा कर रास्ता बंद कर रखा था। भूरे ने सोनू से ट्रैक्टर को साइड में कर लेने के लिए कहा, तो सोनू ने गाली-गलौच शुरू कर दी। उसने अपने ट्रैक्टर को बैक गियर में डालकर भूरे के ट्रैक्टर में टक्कर मार दी, जिससे भूरे का ट्रैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। सोनू ने अपने भाई संजू व परिवार के शिवम, नरेश तथा एक अज्ञात के साथ मिलकर भूरे पर लाठी-डंडों व फावड़े से वार कर घायल कर दिया। घायल को भोपा के सरकारी अस्पताल में लाया गया। पीड़ित ने भोपा पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। कार्यवाहक थाना प्रभारी राजकुमार राणा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र गिरफ्तारी की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

दो युवकों ने खाया जहर

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। अलग–अलग मामलों में दो युवकों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, दोनों को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि रोहानाकलां निवासी आकाश पुत्र अनिल व रई निवासी विनित पुत्र जगमोहन ने अलग– अलग मामलों में संदिग्ध हालातों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

नाले में गिरी बाइक, युवक गम्भीर घायल, अन्य हादसों में महिला सहित कई घायल

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। नाले में बाइक गिर जाने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा अन्य हादसों में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार क्षेत्र में सीकरी रोड पर तेज रफ्तार बाइक सवार बाइक सहित नाले में जा गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीआरवी वैन पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसे बाहर निकाला और उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। इसके अलावा बाईपास पर बागोवाली के निकट एक वाहन द्वारा ई रिक्शा में टक्कर मार देने से ई रिक्शा सवार दिलशाना पत्नी मेहकार गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महावीर चौक पर अलग अलग हुए सड़क हादसों में सुजड़ू निवासी फरमान पुत्र कौसर व कूकड़ा निवासी इस्लामुद्दीन पुत्र यासीन गंभीर रूप से घायल हो गया, दोनों को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंसूरपुर क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव बिहारी निवासी राजेन्द्र पुत्र मूलचंद गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

छत में पंखा लगाते वक्त करंट लगने से युवक की मौत से छाया मातम

मोरना, 6 जुलाई (बु.)। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा में अनुसूचित जाति का युवक गुलशन पुत्र इलम सिंह 21 वर्षीय अपने ही घर में छत का पंखा लगा रहा था। पंखा लगाते समय अचानक तेज़ करंट आने से युवक वहीं चिपक गया, तभी कुछ समय बाद बिजली सप्लाई फेल हो गयी, जिससे युवक छत से नीचे गिरा। गिरने की आवाज सुनकर परिजन कमरे की ओर दौड़े। युवक तब तक मर चुका था । युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया। मृतक की मां सुशीला भाई मुकेश, पिंकू बहन पिंकी, रीता, मोनिका का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

छोटे दुकानदारों को बिजली विभाग से मिल सकती है राहत

लखनऊ 06 जुलाई (वार्ता) कोरोना की दूसरी लहर में प्रभावित कारोबारी गतिविधियों के मद्देनजर सरकार छोटे ,मझोले दुकानदारों और वाणिज्यिक संस्थानो को अप्रैल से जून तक के बिल में फिक्सड चार्ज में छूट देने पर विचार कर रही है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मई से जून तक के बिल में फिक्स्ड चार्ज एवं डिमांड में रिबेट देने के एक प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय ने प्रमुख सचिव ऊर्जा और एनटीपीसी के सीएमडी रिपोर्ट मांगी है। पावर कार्पोरेशन एक दो दिन में इस सिलसिले में अपनी रिपोर्ट भेजेगा जिसके बाद केंद्र सरकार से रिबेट की राशि मिलने पर फैसला हो सकता है। उपभोक्ता परिषद ने अपनी अध्ययन रिपोर्ट में कहा है कि इस बार ऊर्जा मंत्रालय से 200 करोड़ रूपये मिलने की उम्मीद है। इसके पहले पहली कोरोना लहर में 343 करोड़ रूपये रिबेट के रूप में प्राप्त हुये थे। विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष और राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने पिछली एक जुलाई को प्रदेश के ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा से मिलकर ऐसे उपभोक्ताओ को रिबेट दिलाने के लिए एक प्रस्ताव सौंपा था जिसको श्री शर्मा ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को निर्णय लेने के लिए भेजा था। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके क्ष्सिह के रिबेट देने के लिए अप्रैल मई जून 2020 और वर्ष 2021 के अप्रैल मई जून का पूरा बिजली उपभोग का डाटा माँगा है। एक दो दिन में पावर कार्पोरेशन पूरा डाटा केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय को भेज देगा और फिर जल्द ही रिबेट के बारे में केन्द्र सरकार निर्णय लेगा ।

कोरोना वायरस के सैंपल लिए

कैराना, 6 जुलाई (बु.)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना वायरस हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत लोगों के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजे गए। मंगलवार को कैराना के स्वास्थ्य विभाग में तैनात ब्लॉक प्रबंधक अतुल गर्ग ने बताया कि सरकार की सख्ती के चलते कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में 99 आरटी पीसीआर 112 एंटीजन लोगों के टेस्टिंग की गई। उन्होंने बताया कि आरटी पीसीआर की रिपोर्ट 304 दिन में प्रयोगशाला से आएगी, हालांकि कोरोना वायरस के मामलों में काफी कमी आ गई है। उधर उन्होंने बताया कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में अलग-अलग सैंटर पर लोगों को वैक्सीनेशन किया गया तथा 433 लोगों को वैक्सीन लगाई गयी।

राजवाहे में गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत

मुजफ्फरनगर, ६ जुलाई (बु.)। सिखेड़ा–भिक्की गांव में अपने बाबा के साथ पशुओं को नहलाते समय एक बच्चा राजबाहे में गिर गया, वहां मौजूद किसी को उसका पता नहीं चल पाया। बच्चे के न मिलने पर परिजनों ने राजबाहे में तलाश की, तो देर शाम उसका शव बहादरपुर राजबाहे से बरामद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिवार के साथ बच्चे की तलाश कराई। देर शाम उसका शव बहादरपुर राजबाहे से बरामद हो गया। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार सुबह भिक्की निवासी नवाबूद्दीन का पांच साल का सोनिब अपने बाबा उमरदीन के साथ राजबाहे में पशुओं को नहलाने के लिए परिवार के तीन बच्चों के साथ चला गया। राजबाहे में पशुओं को देखते हुए करीब पांच साल का सोनिब राजबाहे में गिर गया। साथ गये उसके बाबा और बच्चों को उसके गिरने का पता नहीं चल पाया। काफी देर बाद में सोनिब के गायब होने का पता चलने पर राजबाहे में उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका पता नही चला, तो परिजनों व ग्रामीणों बहादरपुर के राजवाहे में तलाश शुरू की। काफी तलाश के बाद देर शाम सोनिब का शव बहादरपुर राजबाहे से बरामद कर लिया। मृतक सोनिब के परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार कर शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया। सोनिब की मौत से गांव में शोक छा गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। एसएसआई प्रेम सिंह यादव ने बताया कि परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार कर दिया है।

मोदी मंत्रिपरिषद का पुनर्गठन इसी सप्ताह, 20 नये चेहरों की उम्मीद

नयी दिल्ली, 06 जुलाई (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल का बहुप्रतीक्षित विस्तार एवं पुनर्गठन इसी सप्ताह किये जाने की संभावना है। मंत्रिमंडल में तकरीबन 20 नये चेहरे शामिल होने की उम्मीद है।

केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत सहित सात नेताओं को राज्यपाल बनाये जाने के आज ऐलान के साथ ही सरकार के सूत्रों ने अगले कुछ दिनों में मंत्रिमंडल का विस्तार एवं विभागों में फेरबदल किये जाने के संकेत दिये । राज्यसभा में नेता सदन श्री गहलोत को कर्नाटक का राज्यपाल बनाया गया है। राजग के सांसदों को इस सप्ताह राजधानी में रहने का संदेश दिया गया था। माना जा रहा है कि गुरुवार पूर्वाह्न नये मंत्रियों को शपथ दिलायी जा सकती है। तीस मई 2019 को श्री मोदी के मंत्रिमंडल में 57 मंत्री बनाये गये थे जिनमें 24 कैबिनेट, नौ स्वतंत्र प्रभार तथा 24 राज्यमंत्री शामिल थे। लेकिन शिवसेना और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से अलग होने के कारण श्री अरविंद सावंत और श्रीमती हरसिमरत कौर बादल ने इस्तीफा दिया था। इसके साथ ही लोक जनशक्ति पार्टी के नेता रामविलास पासवान के निधन के कारण कैबिनेट मंत्रियों की संख्या 21 रह गयी है। रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगड़ी की गत वर्ष कोविड के कारण मृत्यु होने के कारण कुल मिलाकर 53 मंत्री रह गये हैं।

श्री गहलोत के हटाने के बाद पुराने मंत्रियों की संख्या 52 रह जायेगी। कुछ मंत्रियों को सरकार से हटाकर संगठन में भेजे जाने की भी चर्चा है। संविधान के मुताबिक केन्द्रीय मंत्रिमंडल में सदस्यों की अधिकतम संख्या 81 हो सकती है। इस प्रकार से मंत्रिमंडल में अधिकतम 29 नये मंत्री शामिल किये जा सकते हैं। जानकारों के अनुसार मंत्रिमंडल में तकरीबन 20 नये चेहरे शामिल किये जाने की संभावना है। जिन राज्यों में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं, उन राज्यों में सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए मंत्रिमंडल में तरजीह दी जाएगी। इसके अलावा क्षेत्रीय दलों के नेताओं को भी मंत्रिपरिषद में शामिल कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मजबूत बनाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक भाजपा एवं सहयोगी दलों के सभी सांसदों को इस सप्ताह दिल्ली में रहने को कहा गया है। मंत्रिपरिषद में जनता दल यूनाइटेड, अन्नाद्रमुक, अपना दल और लोजपा के नए धड़े को भी जगह मिल सकती है। बिहार, असम, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के उन बड़े नेताओं को मंत्री बनाया जा सकता है जो लंबे समय से प्रतीक्षा सूची में हैं। सूत्रों के अनुसार जिन लोगों को मंत्रिपरिषद के भावी फेरबदल और विस्तार में शामिल किया जा सकता है, उनमें असम के पूर्व मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत, छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी, सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, वरूण गांधी, भूपेन्द्र यादव, रामशंकर कठेरिया, बैजयंत पांडा, नारायण राणे, रीता बहुगुणा जोशी, हिना गावित, सुनीता दुग्गल, जामयांग सेरिंग नामग्याल, अपना दल की अनुप्रिया पटेल, जदयू नेता आरसीपी सिंह, ललन सिंह एवं संतोष कुमार आदि के नाम चर्चा में है। मंत्रिमंडल विस्तार में उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा तरजीह मिलने की संभावना है क्योंकि अगले वर्ष की शुरुआत में विधानसभा चुनाव है। इन्हीं रिपोर्टों के बीच गृह मंत्री अमित शाह के साथ सुश्री अनुप्रिया पटेल की मुलाकात को भी मंत्रिमंडल के विस्तार से जोड़ कर देखा जा रहा है। उधर मध्य प्रदेश के दौरे पर गये श्री सिंधिया भी पार्टी आलाकमान का संदेश मिलने पर यात्रा बीच में स्थगित कर दिल्ली लौट आये हैं। मोदी मंत्रिमंडल में आधा दर्जन मंत्री ऐसे हैं, जिनके पास दो से अधिक मंत्रालय हैं। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के पास ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज तथा कृषि और खाद्य प्रसंस्करण हैं। इसी प्रकार रविशंकर प्रसाद, डॉ. हर्षवर्धन, प्रकाश जावडे़कर, पीयूष गोयल और प्रह्लाद जोशी तीन तीन मंत्रालय का कामकाज संभाल रहे हैं। इसके अलावा बीमार चल रहे केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीपाद नायक का आयुष मंत्रालय का कामकाज खेल एवं युवा मामलों के मंत्री किरण रिजिजू देख रहे हैं। स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के पास संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय हैं, जबकि श्री हरदीप सिंह पुरी आवास और शहरी विकास के साथ नागरिक उड्डयन मंत्रालय भी देख रहे हैं। श्री नितिन गडकरी, श्रीमती निर्मला सीतारमण, श्रीमती स्मृति ईरानी और श्री धर्मेंद्र प्रधान के पास तो दो-दो मंत्रालय हैं। सूत्रों ने बताया कि कई मंत्रियों के विभागों में भी परिवर्तन किया जा सकता है। इसी के साथ भाजपा के संगठन में भी परिवर्तन होने की संभावना है। कुछ मंत्रियों को संगठन में अहम जिम्मेदारी दिये जाने और संगठन से कुछ चेहरे सरकार में जाने के संकेत हैं।